खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुरादाबाद, सोमवार 31 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 231 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
Eid Mubarak
shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 1 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# म्यांमार: तीसरे दिन भी कांपी धरती, मृतक संख्या 1700 पहुंची

## अब 5.1 तीव्रता का आया भूकंप, मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका

**यांगून।** म्यांमार में शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया।

हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है। रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था।




## देशभर में आज मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जामा मस्जिद स्थित फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा कि ईद का चांद रविवार देर शाम दिख गया है, इसलिए ईद उल फितर सोमवार को मनाई जाएगी।

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

\- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा।

\-प्रबंधक




















































ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

समस्त क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
चैत्र नवरात्र एवं अम्बेडकर जयंती की
दिली मुबारकबाद
इमरान भैय्या जिला पंचायत सदस्य, बिजनौर
निवास- राजा का ताजपुर (बिजनौर)

सभी ग्रामवासियों को
ईदुल फितर
की
दिली मुबारकबाद
निवेदक समस्त ग्रामवासी, राजा का ताजपुर
मकसूद अहमद अंसारी (ठेकेदार)
समाज सेवी
M. 7417060635

सभी सम्मानित नगरवासियों को
ईद-उल-फितर
की
दिली मुबारकबाद
फरहाना परवीन
ग्राम प्रधान
W/O हाजी शमशाद अहमद फरीदी (समाजसेवी)
एवं ग्राम पंचायत सदस्य गण ग्राम पंचायत राजा का ताजपुर, ब्लॉक नूरपुर
हाजी शमशाद अहमद फरीदी (समाजसेवी)

ईद उल फितर की नगरवासियों को
हार्दिक बधाई
हाजी मौहम्मद कमाल
वरिष्ठ बसपा नेता, शेरकोट

ईद उल फितर की सभी को
हार्दिक बधाई
काजी शमीमुल हसन
समाजसेवी, शेरकोट

ईद उल फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
शेरकोट मुस्लिम फण्ड
मुस्लिम कन्या इण्टर कालेज
अध्यक्ष- मौ. हाशिम, जनरल सैक्रट्री- मौलाना उबैदुर्रहमान, उपाध्यक्ष- शेख नजरूल इस्लाम, प्रबंधक-मौहम्मद रफीक, सदस्य- मौहम्मद इरशाद, कारी रईस अहमद, मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद इस्माईल एवं समस्त स्टाफ, शेरकोट

ईद उल फितर की सभी को
हार्दिक बधाई
सुमामा औवेश
नगर पालिका सभासद वार्ड नं. 25
मौ. कायस्थान पूर्वी, शेरकोट

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद
आमिर कुरैशी
नगर पालिका सभासद वार्ड नं. 06
मौहल्ला अफगानान, शेरकोट

ईद उल फितर की अवाम को
मुबारकबाद
जिया अहमद उर्फ सेठू
वरिष्ठ सपा नेता
शेरकोट, बिजनौर

ईद उल फितर की नगरवासियों को
हार्दिक बधाई
शेख सलीम चांदी
समाजसेवी एवं राशन डीलर, शेरकोट


ईद उल फितर की सभी को
हार्दिक बधाई
नसरूद्दीन अंसारी
राशन डीलर व समाजसेवी
मौ. मनिहारान, शेरकोट

ईद उल फितर की सभी को
हार्दिक बधाई
मौ. परवेज बख्शी
प्रभारी-धामपुर विधानसभा (शेरकोट)
पश्चिम उ.प्र. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

# हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए

## नागपुर हिंसा और औरगंजेब का कब्र खोदे जाने की मांग पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम संवेदनशील समाज में रहते हैं, हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। यह भी कहा कि फिल्म छावा में जो कुछ बताया गया था, वो सच्चाग्र सामने आई है। उनहोंने नागपुर में हुई हिंसा और औरंगजेब के कब्र खोदे जाने की मांग को लेकर अपनी बात रखी। वे एक चैनल से मुखातिब हो रहे थे।

नागपुर हिंसा के बाद महाराष्ट्र में बीजेपी की ओर से कई नेताओं से दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जब कोई बयान देता है, तो यह उसके समाज का, उसकी पार्टी का, उसके धर्म का, या फिर उसकी जाति का है, ऐसा नहीं समझना चाहिए। हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग है और हम एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। औरगंजेब की कब्र खुदाने पर मचे बवाल पर उन्होंने कहा कि औरगंजेब ने अपने पिता को जेल में बंद किया था, अपने भाई की हत्या कर दी थी। उनमें जिस किसी ने अच्छाई देखी होगी, ये उनका सवाल है। अच्छाई भी हो सकती है, लेकिन आज औरगंजेब को मुस्लिम धर्म के लोग मानते हैं, ऐसी स्थिति भी नहीं है। इतिहास पर उठे विवाद पर गडकरी ने आगे कहा कि इतिहास को कभी मिटाया नहीं जा सकता। जो कुछ बताया गया वही फिल्म में जो बताया गया था, वो तो सच्चाई थी। हमारी संस्कृति भी यही है कि हर समय रामायण और महाभारत से हमें ये संदेश मिला कि हमारा व्यवहार कैसा रहा है। जिस व्यक्ति से लड़ाई हुई, जिसे हराने के बाद भी प्रभु राम ने रावण के साथ और लंका में वहां के लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार किया। इसी तरह महाभारत में जीत मिलने के बाद भगवान कृष्ण और पांडव ने बाकी लोगों के साथ कैसा व्यवहार किया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि इन बातों से विवाद बढ़ाने की जगह पुराने इतिहास से अगर वर्तमान काल में कुछ प्रेरणा मिलती है, तो वह इतिहास निश्चित तौर पर प्रेरणादायी होता है, लेकिन अब उसको लेकर विवाद करना, झगड़े करना मेरे ख्याल से सही नहीं है।

**व्यक्ति धर्म से नहीं, गुणों से होता है बड़ा**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जातिगत जनगणना का विरोध करते हुए कहा कि मानवता के आधार पर समाज के आखिरी पायदान पर जो शख्स खड़ा है, उसका विकास किया जाना चाहिए ताकि वह विकास की मुख्यधारा में आ सके। उन्होंने बताया कि वह जातिगत जनगणना के समर्थक नहीं हैं। देश में जातिगत जनगणना की जरुरत है' के सवाल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पहली बात यह कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति, पंथ, धर्म, भाषा या लिंग से बड़ा नहीं होता, बल्कि उसके गुणों से बड़ा होता है। उन्होंने आगे कहा कि इस समाज से छुआछूत, जातियता, अस्पृश्यता नष्ट की जानी चाहिए।

## सिद्धपीठ विंध्याचल में नवरात्रि मेला शुरू

**मिर्जापुर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ विध्याचल नवरात्रि मेला रविवार से शुरू हो गया। आज पहले दिन लाखों दर्शनार्थियों ने विध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विध्यवासिनी के दर्शन पूजन कर मां से आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं ने विध्य पर्वत पर स्थित मां काली और अष्टभुजा देवी की त्रिकोण परिक्रमा भी की। मेला 7अप्रैल तक चलेगा। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए चौबीस घंटे दर्शन पूजन के लिए मंदिर खोलने का निर्णय लिया है। नवरात्रि के दौरान ईद को देखते हुए जिला प्रशासन फूंक फूंक कर कदम उठा रहा है। मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं आज भोर मंगला आरती के बाद के बाद ज्यों ही मंदिर के पट खुले दर्शनार्थियों का रेला मां का एक झलक पाने के लिए उतावला नजर आया। यह क्रम सारे दिन तक जारी रहा।गर्भ गृह में दर्शन के लिए तीन लाईन लगाई गई है। तीनों लाइनों में लम्बी लम्बी कतारें लगी रहीं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडजॉब पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale

वैधानिक सूचना

Cipzer
हैल्थ प्लस सिरप
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

**चैत्रीय नवरात्र**

**द्वितीय ब्रह्मचारिणी**



प्रत्येक प्राणी के अंतर्मन में स्थित देवी का दूसरा रूप शक्ति विग्रह ब्रह्मचारिणी या तपस्वारिणी अर्थात तप का आचरण करने वाला है। सत, चित, आनंदमय ब्रह्म की प्राप्ति कराना ही मां के दूसरे स्वरूप एवं स्वभाव है। उनकी आत्मा पूर्ण चंद्रमा के समान, निर्मल, कांतिमय है। नवरात्र के दूसरे दिन भक्त माता के इसी विग्रह की पूजा, अर्चना और उपासना करते हैं। माता के इस स्वरूप के पूजन से भक्त दीर्घायु एवं मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं।




**डॉ. मनोज वर्मा**
**वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम**
**स्योहारा ( बिजनौर )**


## सपा जिला महासचिव विपिन यादव बर्खास्त



**बिजनौर।** पिछले दिनों सपा के जिला महासचिव बनाए गए विपिन यादव को प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उनके पद से हटा दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम चेलापुर निवासी विपिन यादव को सपा की जिला कमेटी में महासचिव बनाया गया था। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उन्हें पद मुक्त कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि उनके ऊपर विरोधी गंभीर आरोप लगा रहे थे। जबकि विपिन यादव का कहना है कि पार्टी का निर्णय उन्हें स्वीकार है। वह कार्यकर्ता रहकर भी ईमानदारी के साथ काम करेंगे।

## अकबराबाद का अबरार गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना कोतवाली देहात में अकबराबाद निवासी शमीमा पत्नी शब्बन ने 15 फरवरी को तहरीर दी थी कि अभियुक्त अबरार पुत्र अब्दुल समद, अफजाल पुत्र अब्दुल समी एवं अर्शू पुत्र अबरार निवासीगण ग्राम अकबराबाद ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उनके घर में घुस कर पति शब्बन के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से सिर पर बार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अभियुक्त अबरार को गिरफ्तार कर लिया है।

## हल्दौर में आयुष कुमार गिरफ्तार

**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने ग्राम गांवड़ी पोटा निवासी आयुष कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध हथियार व कारतूस भी बरामद किया गया है। ग्राम पैजनिया निवासी महेन्द्र सैनी पुत्र मुनवा सिंह ने हल्दौर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त ने उसके बेटे कमलकांत के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। जिससे वह बाल-बाल बच गया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
**'शाह टाइम्स'**
की शत-प्रतिशत गारंटी
**खबरें छुपाता नहीं ,छापता है**
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com






ईद उल फितर की सभी को हार्दिक बधाई



**अनिल यादव**

पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, जनपद बिजनौर



ईद उल फितर की सभी नागरिकों व सपा कार्यकर्ताओं को

**हार्दिक बधाई**




**शेख जाकिर हुसैन**

**जिलाध्यक्ष-सपा बिजनौर**

ईद उल फितर की सभी को

**मुबारकबाद**



**एम आर पाशा**

राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर- 2024 लोकसभा चुनाव
निवास-ग्राम बुढ़नपुर, जनपद बिजनौर

दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं, गरीबों, मजदूरों एवं समाज के शोषित व उपेक्षित वर्ग के कल्याण व उनकी निस्वार्थ सहायता के लिए कार्य करते हुए उनके अधिकारों की रक्षा के वास्ते उनकी आवाज उठाते हुए उन्हें न्याय दिलाने वाला प्रमुख संगठन

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

## रिजल्ट देख विद्यार्थियों के चेहरे खिले

### विवेकानंद स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल स्थित मोहल्ला कानूनगोयन कस्बा का 2024-25 का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। रिजल्ट देख कर अभिभावक और विद्यार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान।

प्राप्त समाचार के अनुसार विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रबंधक इरफान अहमद और अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ इकबाल ने संयुक्त रूप से परीक्षाफल घोषित किया और विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य पोजीशन पाने वाले, कल्चरल प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले, स्कूल डिसिप्लिन, आज्ञाकारी, ड्रेस कंपटीशन और शत प्रतिशत उपस्थिति रहने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक इरफान अहमद ने बताया कि विद्यालय के प्रवेश आरंभ हो चुके हैं, सीट लिमिटेड हैं जो अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश दिलाना चाहते हैं वह प्रवेश दिलाने में जल्दी करें। अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ इकबाल ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी हमारे स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य फरजाना परवीन ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। को-ऑर्डिनेट नसरीन अंसारी ने संचालन करते हुए सभी अभिभावकों से अपील कि वह अपने बच्चों के प्रति सतर्क रहें और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और सैकड़ों की तादाद में अभिभावक मौजूद रहे।

## सरकार की उपलब्धियों की पुस्तक व पत्रक का वितरण

**नगीना।** सेवा, सुरक्षा व सुशासन को समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के हर घर संपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने नगीना विधानसभा के नगीना नगर मंडल के बूथ संख्या 283, 284 पर घर-घर संपर्क कर बूथ पर निवास करने वाले लोगो को जन कल्याणकारी योजनाओं व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए पुस्तक व पत्रक का वितरण किया। इस अवसर पर साथ में नगर महामंत्री अरुण शर्मा, बूथ अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष शिवशंकर सक्सेना, पूर्व नगर अध्यक्ष ओमपाल सैनी, सेक्टर संयोजक अशोक ठेकेदार, नगर मंत्री मनोज टंडन, लालबहादुर प्रजापति, गंगाराम सैनी आदि उपस्थित रहे।

## मासूम अशमिरा ने रखा रोजा, मांगी दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोहल्ला सादात सहदरी निवासी पूर्व पालिका सभासद व समाजसेवी खुर्शीद आलम अंसारी की 5 वर्षीय पौत्री अशमिरा ने रोजा रखा। अशमिरा के रोजा रखने पर परिवार ने खुशी का इजहार किया।

रमजान उल मुबारक का आखरी अशरा चल रहा है। छोटे छोटे बच्चे भी रोजा रखकर अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे है। खुर्शीद आलम अंसारी ने बताया कि अशमिरा ने खुद ही रोजा रखने की जिद की और उसने पूरी शिद्दत के साथ रोजा रखा।



## नगीना में ईदुल फितर की नमाज का वक्त तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पढ़ी जाने वाली ईदुल फितर की नमाज के टाइम का ऐलान इंतजामिया कमेटियों के द्वारा कर दिया गया है।

नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज सुबह 7:30 बजे मौलाना डॉ. खलीक अहमद कासमी अदा करायेंगे। नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में ईदुल फितर की नमाज सुबह 8:00 बजे मुफ्ती मुहम्मद उवैस अकरम अदा करायेंगे। अकबराबाद नगीना मार्ग पर स्थित मस्जिद फारूकी में ईद की नमाज सुबह 7:00 बजे मुफ्ती फहीम अदा करायेंगे। मुहल्ला पंजा. बियान स्थित मस्जिद दौलाशाह वाली में ईदुल फितर की नमाज सुबह 7:45 बजे मौलाना उमैर अदा करायेंगे। मुहल्ला बिश्नोई सराय स्थित मस्जिद खजूर वाली में ईदुल फितर की नमाज सुबह 8:15 बजे मौलाना इस्लामुदीन अदा करायेंगे। मुहल्ला काजी सराय स्थित मस्जिद पत्थर वाली में ईदुल फितर की नमाज सुबह 8:15 बजे मुफ्ती उबैदुल्लाह अयाज अदा करायेंगे।


### समस्त सम्मानित नागरिकों को ईद उल फितर व चैत्रीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

**-: नागरिकों से अपील :-**

स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हुए अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों का कूड़ा व कचरा निश्चित स्थान पर ही डालें। पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें। अपने घरों के आसपास गंदा पानी एकत्र न होने दें। खुले में शौच कतई न करें। जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहाए। हरे-भरे वृक्षों को न काटे और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें। जन्म व मृत्यु का पंजीकरण समय से कराए। सड़कों, नालों व नालियों पर न तो अतिक्रमण करें और न ही उनमें कचरा डाले। जन्म व मृत्यु का पंजीकरण समय से कराए। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें। सरकार के द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र अवश्य उठाए।



**श्रीमती फूल जहां**

ग्राम प्रधान



**नौबहार सिंह**

पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत रेहड़, ब्लॉक अफजलगढ़, जनपद बिजनौर


## जिला पंचायत सदस्य इमरान ने कराया इफ्तार

### गरीबों की मदद करने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** समाजसेवी जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया ने अपने निवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें हजारों की तादाद में लोग रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

इमरान भैया ने कहा कि रमजान में मुसलमान अल्लाह ताला की इबादत कर देश के भाईचारा व देश तरक्की के लिए दुआ करें। देश में अमनो अमान रहे रमजान के महीने में रोजा इफ्तार कराने से बड़ा सवाब मिलता है। रोजा इफ्तार की बरकत से अल्लाह ताला मुसलमानों के सभी गुनाह माफ कर देता है। इस महीने में अल्लाह ताला शैतान को भी कैद कर देता है। रमजान के पाक महीने में मुसलमानों को गुनाहों से बचना चाहिए। इस महीने में गरीबों का ख्याल रखना चाहिए। गरीबों की खुब मदद करनी चाहिए। संपन्न लोगों को मदरसों की भी मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि रोजा इफ्तार कराने से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। भारत एक ऐसा देश है, जिसमें सभी धर्मों के लोग भाईचारे के साथ सभी त्यौहारों को मानते हैं। इसलिए सभी धर्मों के लोगों को सभी त्यौहारों को मनना चाहिए। रोजा इफ्तार पार्टी में सभी धर्मों के लोग शामिल होकर भाईचारे का संदेश देकर भाईचारे की मिसाल कायम की। इस मौके पर मकसूद अहमद ठेकेदार, जमील अहमद एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, विनीत कुमार, महबूब सलमानी, रवि कुमार, नईम अहमद एडवोकेट, हाजी फुरकान अहमद उर्फ इरफान मकरानी, असलम मंसुरी, निजाम सलमानी, युसुफ अहमद सिद्दीकी, अकबर सिद्दीकी, शमीम अंसारी पत्रकार, मदन सिंह सैनी, सरदार कमलजीत सिंह नूर, डॉ. फहीमुद्दीन, डॉ. आयुष दिवाकर, मुजाहिद फारूकी, सरदार सतेन्द्र सिंह गुजराल, बिरेंद्र सिंह शर्मा, शुभम वालिया, निसार अहमद, कासीम सिद्दीकी, इमामुद्दीन, हाजी लतीफ अहमद, बाबु अंसारी, निजाम फारुकी आदि मौजूद रहे।


ईद उल फितर की सभी को

हार्दिक बधाई



**खुर्शीद आलम अंसारी**

वरिष्ठ समाजसेवी

नहटौर, जिला बिजनौर

ईद उल फितर की सभी को

हार्दिक बधाई



**शाह आलम चौधरी**

वरिष्ठ समाजसेवी व राजकीय ठेकेदार, बिजनौर




अपील- कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह आगामी तीन अप्रैल को बिजनौर पहुंचेगी। सभी कार्यकर्ता दोपहर 12 बजे उनके स्वागत में बैराज पर पहुंचे।

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

## अफजलगढ़ को तहसील बनाने की मांग

### डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान योद्धा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम बिजनौर से मिलकर अफजलगढ़ को तहसील बनाने की मांग सहित अफजलगढ़ में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा की। तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

भारतीय किसान योद्धा के जिलाध्यक्ष आमिर पठान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिला। उन्होंने अफजलगढ़ को प्रस्तावित शीघ्र तहसील का दर्जा दिलाने एवं तहसील मुख्यालय अफजलगढ़ में ही बनाने सहित नगर के क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा की तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पड़े पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की एवं मौहल्ला गौहर अली खां स्थित वर्षों से बंद पड़े जिला परिषदीय चिकित्सालय को पुनः चालू कराने की भी मांग की।

उन्होंने जिलाधिकारी जसजीत कौर से अफजलगढ़ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।



## बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जन समुदाय को जागरूक करने हेतु जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम मे सराहनीय योगदान देने पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय बिजनौर मे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अफजलगढ़ की बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण विवेक बंसल व जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एमएम इंटर कॉलेज का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एमएम इंटर कॉलेज में गृह परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। परीक्षा में 803 छात्र सम्मिलित हुए और सभी उत्तीर्ण हो गए, जबकि 942 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई और सभी उत्तीर्ण हो गईं।

विद्यालय का रिजल्ट 100% रहा। कक्षा 6 के सफदर पुत्र नईम अहमद ने 83.37 प्रतिशत अंक लेकर जूनियर वर्ग में जबकि कक्षा 9 के मुनीर अहमद अंसारी पुत्र नसीम अहमद को 94.90% अंक लेकर सीनियर वर्ग में टॉप किया। इस प्रकार मुनीर अहमद अंसारी ही छात्र वर्ग में विद्यालय के टॉपर रहे। छात्राओं के ग्रुप में कक्षा 8 की छात्रा कु. युसरा पुत्री शकील अहमद ने 93.75 प्रतिशत अंक लेकर जूनियर वर्ग टॉप किया, जबकि छात्राओं के सीनियर वर्ग में कक्षा 11 की छात्रा कुमारी इरम परवीन पुत्री मोहम्मद महमूद ने 95.00% अंक लेकर सीनियर वर्ग को टॉप किया। छात्राओं के ग्रुप में कु. इरम परवीन ही विद्यालय की टॉपर रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर एवं गृह परीक्षा प्रभारी बृजमोहन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## रसोईया व आंगनबाड़ी सम्मानित



### प्राथमिक विद्यालय का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय नंहेड़ा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान राजवीर चौधरी ने किया। वार्षिक परीक्षाफल में कक्षा एक में कानिक्ष ने प्रथम व कुमारी वर्तिका ने द्वितीय, कक्षा दो में कुमारी विशु ने प्रथम व अंश ने द्वितीय, कक्षा तीन में कुमारी पलक ने प्रथम व अंश कुमार ने द्वितीय, कक्षा चार में यश ने प्रथम व नैतिक ने द्वितीय, कक्षा पांच में वंश ने प्रथम व हर्षवर्धन और यश राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने पर रसोईया पायल देवी व आंगनबाड़ी फूलवती को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## मस्जिदों में कुरान ए करीम मुक्कमल

### देश में अमनो अमान व तरक्की के लिए दुआ कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** मुकद्दस रमजान माह का अखरी अशरे में सहसपुर नगर की अलग-अलग मस्जिदों में तरावीह नमाज में 27वी शब को कुरान ए करीम मुकम्मल हुआ। जहां उलेमाओं ने देश और दुनिया में अमानो अमान कायम रखने और मुल्क की तरक्की की दुआ कराई।



मोहल्ला अफगानान जुमा बाजार रोड स्थित मस्जिद उमर फारूक में बृहस्पतिवार रात में हाफिज मोहम्मद सादिक अंसारी ने 27 दिनों तक ईशा की नमाज के बाद 20 रकात में रोजाना कुरान ए करीम जुबानी याद करके सुनाया, जिसमें बीच में कारी मसरूर आलम ने गलतियों को दुरुस्त करते हुए उस्ताद की भूमिका अदा की। वहीं दूसरी ओर मोहल्ला चौधरियान स्थित मोती मस्जिद में हाफिज मौ. आदिल ने कुरान ए पाक सुनाया, जिसमें बीच में मुफ्ती तसलीम अहमद साहब ने गलतियों को दुरुस्त करते हुए उस्ताद की भूमिका अदा की। बस स्टैंड वाली मदीना मस्जिद में कारी जैद ने कलाम ए पाक को सुनाया, जिसमें बीच में कारी अजीम ने गलतियों को दुरुस्त करते हुए उस्ताद की भूमिका अदा की।

कारी फुजैल अंसारी पुत्र मुफ्ती अकील अहमद अंसारी (मदरसा माआरिफ उल उलूम) ने मजहबी इस्लाम के पैगंबरों और अल्लाह के नबी को सबसे पहले हाफिज कुरान बताया। उन्होंने कहा कि इस महीने में आसमान से कुराने करीम नाजिल हुआ, जिसमें पूरी दुनिया में एक ही भाषा अरबी में पहुंचने का काम अल्लाह के नबी ने दावत के जरिए किया। जुमे की नमाज से पहले मस्जिद उमर फारूक में कारी मसरूर आलम ने बयान में कहा मुसलमान से अल्लाह और उसके नबी के कलम को खूब पढ़ने और उसे समझ कर अमल के जाने पर जोर दिया।

इस मौके पर डॉक्टर रिजवान, अनीस अहमद अंसारी समाजसेवी, मुफीद आलम, हाफिज सादिक, कारी आदिल मनव्वर अंसारी, हाफिज अफजल आदि मौजूद रहे।

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद

मौहम्मद आरिफ ठेकेदार
निवासः- मौहल्ला काजीजादगान, चांदपुर, जनपद-बिजनौर
आईये अपने त्यौहारों को आपस में मिलजुलकर मनायें।

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

मौहम्मद इल्तिफात अध्यक्ष
मौहम्मद शरीफ नाजिर कोषाध्यक्ष
एवं समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण
अब्दुल वहीद मैमोरियल वेलफेयर सोसायटी रजि. चांदपुर।

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद

अकील अंसारी
प्रदेश प्रवक्ता/प्रभारी- भारतीय किसान यूनियन ( हिंद ) उ.प्र.
निवास- मौहल्ला मुफ्ती सराय, चांदपुर


आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों, सदस्यगणों व सभी को ईद उल फितर की
दिली मुबारकबाद

मौहम्मद ताहिर
जिला व वि.स.प्रभारी- आजाद समाज पार्टी ( भीम आर्मी ) बिजनौर।
निवासी-मौहल्ला कटकुई, चांदपुर

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद

जुबैर अहमद ठेकेदार
निवासः- मौहल्ला काजी सराय, चांदपुर, जनपद-बिजनौर
आईये मिलजुलकर अपने त्यौहार मनाये।

ईद उल फितर के पुरखुलूस मौके पर
दिली मुबारकबाद

आमिर पठान
जिलाध्यक्ष-भारतीय किसान योद्धा
कार्यालय-बस स्टेंड, अफजलगढ़

ईद उल फितर के पुरखुलूस मौके पर
दिली मुबारकबाद

कमरूद्दीन अल्वी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-शाह समाज फाउन्डेशन
निवासी-कासमपुर गढ़ी, अफजलगढ़

ईद उल फितर की सभी को दिली मुबारकबाद

मौहम्मद एजाज
वरिष्ठ समाजसेवी
किरतपुर, जनपद-बिजनौर

ईद उल फितर की सभी को दिली मुबारकबाद

मौहम्मद रफत एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
किरतपुर, जनपद-बिजनौर

सभी देशवासियों को ईद उल फितर की
हार्दिक बधाई
सचिन शर्मा- अध्यक्ष
अंशुल राजपूत- सचिव
प्रभात सिंघल- उपाध्यक्ष
मुकेश कुमार- कोषाध्यक्ष
किरतपुर कैमिस्ट एसोसिएशन
किरतपुर, जनपद-बिजनौर

ईद उल फितर की नागरिकों को मेरी तरफ से
मुबारकबाद

आवेश अहमद
राजकीय ठेकेदार व समाजसेवी
किरतपुर, जनपद-बिजनौर

# मढ़ैया में सोते वृद्ध को गोली से उड़ाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** साल भर पूर्व हुई हत्या आरोपी के बाबा की घर में घुसकर गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया गया। हत्या से गांव में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंच गयी। पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पीएम को भेज दिया। पुलिस में तीन के खिलाफ नमाजद हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महोरा लखूपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह (78) मकान के गेट के बाहर बनी मढ़ैया में सो रहा था। रात्रि में मढ़ैया में घुसकर उसे गोलियों से भून डाला गया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस रात में ही गांव में पुहंच गयी जबकि हत्या की सूचना पाकर एएसपी ओर सी ओ भी गांव पहुंच गए। पुलिस ने हत्या की जानकारी ली। लाश को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। हत्या की रिर्पो गांव के कर्य पुत्र श्याम सिंह व पप्पू पुत्र अमरपाल समेत तीन के खिलाफ दर्ज करायी गयी है। बताया जा रहा है कि विगत वर्ष होली के दिन राहुल पुत्र रगरेश की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी रिपोर्ट मृतक राजेन्द्र के बेटे तेजपाल और पोते विरलेश के विरूद्व दर्ज करायी गयी थी। जिसमें विरलेश जमानत होकर जेल से बाहर आ गया जबकि तेजपाल अभी भी जेल में निरू, है और उसकी जमानत नहीं हो सकी। इसी रंजिश में वृद्व राजेन्द्र सिंह को गोली मारकर मौत की नींद सुलाने का आरोप लगाया गया है। हत्या से फिलहाल गांव में शांति है लेकिन अहतियात तक तौर पर पुलिस मौजूद है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हत्यारोपियों को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की जांच की जा रही है।

## ईदगाह का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सम्भल।** ईदुल फितर की नमाज को लेकर ईदगाह और शाही जामा मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था का अफसरो ने जायजा लिया। साथ ही नगर पालिका परिषद की ओर से सफाई व्यवस्था भी कराई गई।

रविवार को नगर की शाही जामा मस्जिद पर पहुंचे अफसरो ने ईद की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उपजिलाधिकारी वन्दना मिश्रा तथा ईओ नगर पालिका परिषद सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी ने सफाई व्यवस्था एवं नमाज के लिए पानी आदि की व्यवस्थाओं को देखा। जानकारी के अनुसार ईदगाह पर सुबह 09 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। जबकि शाही जामा मस्जिद मे भी सुबह 09 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। नगर पालिका परिषद द्वारा शाही जामा मस्जिद और ईदगाह समेत नगर की मस्जिदों के बाहर सफाई का कार्य कराये जाने के साथ ही चूना डाला जा रहा है।



सम्भल-प्राचीन ईदगाह का निरीक्षण करतीं उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा

# बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नगर पंचायत तिराहे के पास बाइक सवार व्यथ्क्त डिवाइडर से टकराकर घायल होकर सडत्र्क पर गिर पडत्र और बाइक तेजी से सो मीटर दौड़कर गिर गई।

एक व्यक्ति सम्भल की ओर से आ रहा था। जब वह नगर पंचायत कार्यालय से पहले डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर लगते ही बाइक सवार गिर गया और बाइक स्टार्ट हालत में लगभग सौ मीटर बिना सवार के ही दौड़ती हुई आगे जाकर गिर गई। घटना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से जिला संयुक्त चिकित्सालय ले गए। घायल ग्राम गवारूऊ का बताया जाता है।

**बिन सवार सौ मीटर दौड़ती रही बाइक**

# मौलाना ज़हीरूल इस्लाम अदा कराएंगे ईदुल फितर की नमाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** इमामे ईदगाह को लेकर चली आ रही ऊहा पौह की स्थित पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में समाप्त हो गयी। काफी देर तक चली मीटिंग में मौलाना ज़हीरूल इस्लाम कराने पर सहमति बनी।

इमामे ईदगाह मौलाना सुलेमान अशरफ के इंतेकाल के बाद उनके तीजे पर उनके पुत्र गाजी अशरफ के पगड़ी बांध दी गयी थी, लेकिन कम आयु होने और तीजे की रस्म के दौरान इमाम चुनने पर विवाद खड़ा हो गया था। मरकजी मदरसा अजमल उलूम में मौलाना अजमल शाह साहब के उर्स पर कुल रस्म अदायगी के दौरान ईमामे ईदगाह की पगड़ी मदरसा जियाउल उलूम के प्रधानाचार्य कारी राशिद अली को पगड़ी बांध दी गई थी। ईदगाह इमामत की दो-दो लोगों के दावे पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इसके बाद मरकजी मदरसा अजमलउलूम के नाजिमेआला कारी तंजीम अशरफके नेतृत्व मे एक शिष्ट मंडल ने जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया से मुलाकात की थी। वहीं मदरसा खलीलुलउलूम में उलेमाओं की एक बैठक आनन-फानन में बुलायी गयी। जिसमें गाजी अशरफ की इमामत पर मोहर लगा दी गई। इसी को लेकर इमामत के दो-दो दावेदारों को लेकर विवाद की स्थिति खड़ी हो गयी। जिस पर पुलिस-प्रशासन हरकत में आ गया और पीस कमेटी की की बैठक में दोनों पक्षों से वार्ता के बाद तय किया गया कि ईदगाह में ईदुल अदह की नमाज अदा कराने वाले मौलाना ज़हीरूल इस्लाम ही ईदुल फितर के इमाम रहेंगे। इस फैसले के बाद मुस्लिम समाज ने राहत की सांस ली।

**उलेमाओं व पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में किया गया चयन**

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों पर रही भीड़

**सम्भल।** हिंदू नव वर्ष पर जगह-जगह हवन कराया गया। जबकि नवरात्रों के पहले नि महिलाओं व पुरूषों ने मां दुर्गा के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चन की। प्रथम मां शैलपुत्री की पूजा कर मन्नतें मांगी।

रविवार को जहां एक और हिंदू नववर्ष का प्रारम्भ हुआ तो वहीं नवरात्रि शुरू हो गए। नवरात्रि के पहले दिन कैलादेवी धाम पर सैकड़ों की संख्या में श्रृद्वालु मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे और हवन कराया। जबकि कैलादेवी स्थित बाबा रतगिरि आर्दश इंटर कॉलेज में भी हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य द्वारा हवन कराया गया। जिसमें अध्यापकों ने हिस्सा लिया।



सम्भल- इतिहास संकलन समिति की बैठक को सम्बोधित करते।

# चामुंडी देवी की पांचवीं वर्षगांठ पर निकाली गई कलश यात्रा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शाहपुर सोत मां चामुंडा देवी के स्थान पर पांचवी वर्षगांठ पर कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में मौजूद महिलाएं ग्राम प्रधान आशा रानी मधु कुमारी लक्ष्मी टिंकल आर्य शारदा देवी मिथिलेश कुमारी रेणु कुमारी पूर्व प्रधान वीरपाल सिंह मानसिंह प्रजापति, डीलर सुभाष चंद्र शर्मा, पंडित सुनील कुमार शर्मा विनोद कुमार कश्यप सुनील कुमार कश्यप रवि पाल एडवोकेट नेमचंद प्रजापति मोहित पाल पवन पाल आदि मौजूद रहे। कलश यात्रा चामुंडा स्थान से शुरू होकर सैदपुर जसकोली मार्ग से होते हुए होली चौक होते हुए सिरसी असमोली सोत नदी में चौराहे से होते हुए चामुंडा स्थान पर जाकर समापन हुई।

# प्राथमिक व नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रोगियों का परीक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 04 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित उक्त मेला सत्रों पर 35 चिकित्सकों एवं 110 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2642 रोगियों पुरुष रोगी- 1016 य महिला रोगी- 1000 एवं 626 बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 154 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रें पर बुखार के 202, चर्म रोग के 339, दमा के 277, मधुमेह रोग के 89, नेत्र रोग से सम्बन्धित 54 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। उक्त के सम्बन्ध में 06 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयीय जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन फैमिली प्लानिंग सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# इतिहास संकलन समिति का प्रांतीय अधिवेशन 13 अप्रैल को विक्रम पैलेस में: डा. कुलदीप त्यागी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** इतिहास संकलन समिति की बैठक में संभल के विक्रम पैलेस में 13 अप्रैल, रविवार को प्रांतीय अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बाल मुकुंद पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में अधिवेशन को संबोधित करेंगे।

नगर के विक्रम पैलेस में आयोजित भारतीय इतिहास संकलन समिति की बैठक में समिति के प्रांतीय अधिवेशन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इतिहास संकलन समिति के जिला अधयक्ष अजय कुमार शर्मा ने समिति का प्रतिवर्ष होने वाला प्रांतीय अधिवेशन संभल में आयोजित किये जाने का प्रस्ताव रखा। सरिता गुप्ता, अतुल कुमार शर्मा, नीरज कुमार, सत्यवीर सिंह, बृजगोपाल वार्ष्णेय, उमेश सैनी, पंकज सांख्यधर, ने प्रस्ताव पर चर्चा की। जिस पर व्यापक विचारोपरांत इतिहास संकलन समिति की प्रांत संगठन मंत्री डा. कुलदीप कुमार त्यागी ने कहा कि आगामी 13 अप्रैल रविवार को इतिहास संकलन समिति का प्रांतीय अधिवेशन विक्रम पैलेस, दुर्गा कालोनी में आयोजित होगा। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्धान्य विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा. बाल मुकुंद पांडेय जी का संबोधन होगा। संतो, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संस्था संचालकों तथा सक्रिय समाजसेवियों की गरिमामय उपस्थिति में प्रांतीय अधिवेशन आयोजित होगा। विचार गोष्ठी का विषय रहेगा युग युगीन संभल माहात्म्य। इसी विषय पर विद्वानों के विचार रखे जाएंगे। बैठक में इतिहास संकलन समिति के सभी पदाधिकारी गण एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने की और संचालन जिला मंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

**प्रथम मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मांगी मनौतियां**

# पथ संचलन का जगह-जगह हुआ स्वागत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** नवसंवत के स्वागत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया। जिसकी शुरुआत मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित शिशु शिक्षा केंद्र मंदिर से की गई। प्रार्थना और बौद्धिक सत्र के बाद शुरू हुआ पथ संचलन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस बल के साथ आरआरएफ की टीमें तैनात की गईं। इंस्पेक्टर अनुज तोमर और क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र वर्मा भी मौके रहे। पथ संचलन में गणवेश धारी स्वयंसेवक अपने कंधों पर दंड धारण किए। पथ संचलन के दौरान कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की। नगर में सृष्टि नव वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने गणवेश में उत्सव के साथ सिर पर संघ की काली टोपी ,सफेद कमीज, फुल पैंट और काले जूते पहनकर हाथों में लाठी लिए राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ पथ संचलन किया। बीआरएसबीएसएम पीजी कॉलेज से प्रारंभ होकर इंद्रा चौक,रेलवे रोड,स्टेशन रोड,रामलीला ग्राउंड,सर्राफा बाजार,राजघाट रोड होते हुए पीजी कॉलेज पर आकर समापन हुआ।स्वयंसेवक कदम ताल करते हुए चल रहे थे ।पथ संचलन में स्कूली बच्चे घोष वादन कर रहे थे।जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की।नगर मे जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिला प्रचारक दीपक ने बताया कि कार्यक्रम में संघ परिवार के नगर व ग्रामीण क्षेत्र के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।कई जगहों पर पथ संचलन का स्वागत किया गया।संघ जिला प्रचारक दीपक नगर संचालक गोपाल, विभाग प्रचारक प्रमुख अरुण कांत, श्रृषभ, भुवनेश,जगदीप, विनय वार्ष्णेय, हरेश बाबू, योगेंद्र, दिनेश कौशल, कैलाश तिवारी, दीपक प्रशांत, आकाश, नारायण एवं काफी संख्या में स्वयंसेवक रहे।

# पूर्व चेयरमैन के रोज़ा इफ्तार में दिया मौहब्बत का पैगाम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक पूर्व चैयरमेन के रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल होकर रोजेदारों ने मौहब्बत का पैगाम दिया।

नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चैयरमेन एवं समाजसेवी हाजी नुसरत ईलाही के कोल्ड स्टोर पर रविवार को इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के लोगों ने इफतार पार्टी शिरकत करते हुए एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया और शुक्रे खुदा करते हुए एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद पेश की। हाजी नुसरत ईलाही ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा और प्यार मौहब्बत बढ़ता है। अल्लाह ने हमे रमजान का ऐसा मुबारक महीना अता किया है जो सबको एक साथ रहने और बैठकर लजीज पकवान का लुत्फ उठाने और गिले शिकवे दूर करने का पैगाम देता है। इस मौके पर साजिद अली खां, मेम्बर एहसान, हाजी आरिफ तुर्की, हाजी ताहिर, दानिश अली, सैयद शान अली, अकरम पहलवान, गय्यूर अहमद एड., सलमान, अब्दुल जब्बार एडवोकेट, गुडडू चौधरी आदि मौजूद रहे।



सम्भल-पूर्व चैयरमेन के रोजा इफ्तार पार्टी में रोजा इफ्तार करते रोजेदार।

## मेले में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बबराला।** नगर के राजघाट रोड स्थित योगा पार्क में लगे मेले में बीती रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बेहतर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# गंगाघाट राजघाट पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पखवारा कार्यक्रम के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम,रंगोली व गंगा महाआरती का आयोजन हुआ।

रविवार को नमामि गंगे योजना के तहत गंगा स्वच्छता पखवाडा के तत्वाधान वन प्रभाग सम्भल के जिला गंगा समिति की और से गुन्नौर रेंज के बबराला गंगाघाट पर विभिन्न कलाकारो के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन सन्ध्या, रंगोली प्रतियोगिता तथा गंगा महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमे गंगा को कैसे स्वच्छ बनाना है। इस मुहिम के साथ सबको जोडा गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजमोहन ने गंगा को कैसे साफ रखा जा सकता है। गंगा को प्रदूषित करने से रोकने के लिए लोगो से आहवान किया गया। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ की सामग्री को गंगा जी में न फेके उन्हें मिट्टी में दबा दें। जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) अमन तिवारी के द्वारा सभी कलाकारो तथा इस स्वच्छता पखवाड़ा में भूमिका निभाने वाले सभी बंधुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि गंगा जी को साफ़ रखना किसी एक की जिम्मेदारी नहीं है। हम सब को मिलकर गंगा माँ को पवित्र बनाना है। यह हमारी जीवन दायनी है। हमे इन्हें प्रदूषित होने से बचाना है। गंगा के घाटों पर प्लास्टिक कूड़ा करकट इधर उधर न फेके गंगा जी को स्वच्छ बनाये रखें। इस मोके पर जिला परियोजना अधिकारी अमन तिवारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजमोहन, कुमोद वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, डिंपल वार्ष्णेय, अरविंद गुप्ता, उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की संचालिका ममता राजपूत, सुधा गौतम, योगेंद्र राजपूत,गंगाराम यादव रविंद्र सिंह मोहित आदि रहे।

# सख्ती के बाद भी नहीं रूका अतिक्रमण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर में तेजी से बढ़ी अतिक्रमण की समस्या पुलिस प्रशासन के पूर्व में प्रयासों के बावजूद हल नही हो सकी। आगे आते जा रहे समय में पुलिस प्रशासन और लोगों के लिए सरदर्द बनने जा रही अतिक्रमण की समस्या दूर होती दिखाई नही दे रही है।

अतिक्रमण एक ऐंसा रोग बन गया है जिसे दूर करना शायद पुलिस प्रशासन के बसकी बात नही रह गया है। पूर्व में अतिक्रमण कारियों पर चाबुक चलाया गया लेकिन दो दिन में ही टांय-टांय फिस्स होकर रह गया। नगर के मुख्य बाजार, चौराहों एवं आबादी वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण तो वहीं नगर के विभिन्न चौराहों से अलग-अलग नगरों को जाने वाले मार्गो पर भी अतिक्रमण कारियों ने अपना कब्जा हटवाया नही जा सका है। जिससे पूर्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान अब तक फ्लॉप साबित रहा। कुछ दिनों तक अतिक्रमण कारियों की नज़र भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तक ही सीमित थी। जिसके चलते नगर के मुख्य बाजारों को जाने वाले मार्गो के किनारे एवं चौराहों पर कब्जा किया गया था। कुछ शिकायतों पर पुलिस ने पहले मामूली ध्यान दिया बाद मे अनसुना कर दिया। जिसके चलते अतिक्रमण कारियों के हौंसले पस्त होने के बजाए बुलंद दिखायी दिए। अब फिर अतिक्रमण हटाओं अभियान नही चलने और पुलिस के इस ओर ध्यान देना बंद कर देने के कारण अतिक्रमणकारी नगर के अंदरूनी इलाकों को पीछे छोड़ते हुए ऐसे मार्गो पर भी कब्जे करने शुरू कर रहे हैं जो नगर के मुख्य चौराहों से विभिन्न क्षेत्रों के जाने वाले मार्ग हैं। अतिक्रमणकारियों ने जिन स्थानों पर कब्जे करने शुरू किये है उनमें यशोदा चौराहा, तहसील रोड, शेर खां सराय बाजार दरीबा, मौहल्ला ठेर, चुंगी चौराहा, रायसत्ती, चौधरी सराय व हिन्दूपुरा खेड़ा सहित ठीक कोतवाली के सामने जहां अतिक्रमणकारी वर्षो पूर्व से कब्जा जमाए हुए हैं।खुद कोतवाली के सामने और उसके आसपास देखा जाये तो अतिक्रमण का बुरा हाल है। विगत दिनों पूर्व अधिकारी भी अतिक्रमण पर अपनी गहरी नाराज़गी भी प्रकट कर चुके हैं,मगर उसका असर कुछ नही हो सकी,जबकि अतिक्रण करने वाले पुलिस पर हावी बने हुए हैं और माना जाने लगा है कि पुलिस अतिक्रमण करने वालों के सामने हार गया है।

**जिन स्थानों से हटा उस पर पुन: कर लिया गया कब्ज़ा**

# सरपट दौड़ रहे डग्गामार वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गए हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध तरीके से छोटे एवं बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। अरटीओ और पुलिस की निगाह के सामने वाहनों का संचालन हो रहा है,लेकिन इन्हे देखकर आंखे मूंदी जा रही हैं। जबकि यह डग्गामार वाहन जबरन सवारियों को अपने वाहन में बैठाकर राजस्व का नुकसान कर रहे है और अपना गोरख धधा मजे में चला रहे है। यह खेल सम्भल में ही नहीं,बल्कि जनपद के दूसरे शहरों में भी फल-फूल रहा है,लेकिन दिल्ली तक चलने वाली बसें और अन्य वाहन सम्भल से ही होकर गुज़ारी जा रही हैं। थानों और पुलिस चौकियों के सामने से डग्गा मार वाहन दिन हो या रात आसानी से गुज़र जाते हैं,परन्तु इन्हे रोकने अथवा हाथ डालने की हिम्मत परिवहन विभाग भी नहीं जुटा पाता है। ऐंसे में बड़े स्तर पर चल रहे डग्गामार वाहन जहां यातायात के नियमों का उल्ल्घंन कर कर चोरी कर रहे हैं,वहीं सवारियों के लिए भी खतरा बने हुए हैं।

**राजस्व को खुल्लम खुल्ला पहुंचा रहे हानि**

## हाफिजों व समाज सेवियों को सम्मान कार्यक्रम में दिखायी दिया इत्तेहाद

**सम्भल।** रमजान के मौके पर शाह हातिम हलीम मस्जिद मे इस तरावीह में कुरान सुनने वाले हुफ्फाज इकराम का सम्मान समारोह किया गया। साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को चौंपियन आफ सोसाइटी एंड ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मगुरु मौलाना मुनव्वर ने की जबकि मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल मोईद सभली, मौलाना बिलाल कासमी रहे।विशिष्ट अतिथि कारी मौ. नूरानी मौलाना सादिक कासमी रहे।



बबराला-गंगाघाट राजघाट पर पुरस्कृत किए गए बच्चे।

# चांदी काट रहे निजि चिकित्सक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मौसम के पल-पल बदलते मिजाज़ से तरह-तरह की बीमारियों के प्रकोप ने नगर के बाशिंदो को जकड़ रखा है। बुरी तरह फैले उल्टी दस्त के साथ टायफायड बुखार के रोगियों की चिकित्सकों के यहां भारी भीड़ लगी है। सरकारी चिकित्सालय में सुविधा न होने के कारण निजि चिकित्सकों की चांदी कट रही है।

नगर क्षेत्र में गर्मी के बढ़ते प्रभाव और पल-पल बदल रहे मौसम के मिजाज़ से डल्टी दस्त के साथ इस बार टायफायड रोग का प्रकोप तेज़ी के साथ फैल रहा है। क्षेत्र के साथ ग्रामीण अंचल में सबसे अधिक टायफायड पीड़ितों की संख्या है। महामारी की तरह फैल रेह टायफायड के प्रकोप को रोकने के लिए काई कारगर कदम उठाना तो दूर स्वास्थ्य विभाग ने इस ओर से आंखे मूंद ली हैं। सरकारी अस्पताल का हाल यह हो गया है कि दवाओं के अभाव में अस्पताल में झोला छापों की क्लीनिक की तरह नीली पाली गोलियां ही थमाई जा रही हैं। अस्पताल में काफी समय से बने दवाओं को अभाव को दूर करने के लिए क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को भी कोई दिलचस्पी दिखायी नही दे रही। ले देकर गरीबों के लिए बना सरकारी अस्पताल में दवा न मिलने से झोलीछापों की क्लीनिक पर पहुंच रहे गरीब रोगियों की जेबें ठंडी हो रही हैं।

**वायरल रोकने को नहीं उठे कारगर कदम**

# कैंसर डायग्नोसिस में एआई से क्रांतिकारी परिवर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में दौलत राम कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा, कैंसर की सबसे घातक स्टेज- मेटास्टेसिस अब भी एक चुनौती बनी हुई है, लेकिन इम्यूनोथेरेपी और लक्षित उपचार के माध्यम से इसके प्रसार को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। एआई और जीन एडिटिंग तकनीकें कैंसर निदान को और सहज बना रही हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- एआई कैंसर निदान में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है, जिससे ट्यूमर क्लासिफिकेशन और सटीक डायग्नोसिस संभव हो रहा है। सीआरआईएसपीआर तकनीक जीन एडिटिंग के माध्यम से कैंसर से संबंधित आनुवंशिक परिवर्तनों की पहचान में सहायक सिद्ध हो रही है। डॉ. कुमार ने कैंसर निदान की आधुनिक तकनीकों, शोध और उपचार विधियों पर भी गहनता से चर्चा की। डॉ. नरेंद्र तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से कैंसर डायग्नॉस्टिक्स में नवीनतम प्रगति एवं नवाचार: उन्नति और भविष्य की दिशा पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सेमिनार में एमएससी एमएलटी अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स- मुकुल तातरान, कामरान, सोनम यादव, मौ. आसिफ और सुशील पाल ने अपने-अपने पोस्टर की प्रेजेंटेशन भी दी। सेमिनार में बीएमएलटी द्वितीय वर्ष की वर्तिका और अन्य छात्रों ने प्रश्न किए और उनके उत्तर प्राप्त किए।उल्लेखनीय है, डॉ. नरेंद्र कुमार एम्स से पीएचडी और यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर, यूएसए से पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्तकर्ता हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रों के लेखक हैं। एनआईएच, यूएसए की फोगार्टी फेलोशिप सहित कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के प्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार, एमएलटी की एचओडी डॉ. रूचि कांत, श्री बैजनाथ दास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगोष्ठी में मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के 150 से अधिक



छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार में फैकल्टीज श्री शिवमोहन सिंह, सुश्री वर्षा राजपूत, सुश्री साक्षी बिष्ट, श्री सौरभ सिंह, श्री शिवम अग्रवाल, श्री योगेश कुमार आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संचालन एमएससी- एमएलटी प्रथम वर्ष की छात्रा पलक जैन और बीएमएलटी अंतिम वर्ष की छात्रा आयशा फातिमा ने किया।

# दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने किया महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक

**कांठ( शाह टाइम्स )** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर श्महिला सशक्तिकरण श्के रूप में मनाया गया। शिविर के प्रथम सत्र का शुभारंभ चौत्र नवरात्रों की शुरुआत होने के कारण मां विंध्यवासिनी की स्तुति से किया गया। आज ही से हिंदी नव वर्ष की शुरुआत भी होती है । स्वयं सेविकाओं नंदिनी, कोमल, खुशी दयाल, कल्पना, सोनिया, खुशी पांडे, खुशी वर्मा ने नारी शक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा महिला



सशक्तिकरण पर पोस्टर बनाए गये, जिसमें खुशी वर्मा प्रथम, खुशी दयाल द्वितीय तथा मुस्कान तृतीय रहीं। स्वयं सेविकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ छाया रानी व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विदुषी यादव ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### किसान की तीन भैंस चोरी

**डिलारी।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते लगातार पशु चोरी होने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया ,गांव गजरौला जयसिंह निवासी किसान इकरार अपने घर में परिवार के साथ सो रहा था. पशु शाला में बंधी तीन भैंस रात्रि 12:00 बजे चोरों ने घुसकर तीनों भैंसों को पिकअप वाहन में लादकर चोरी कर ले गए, सुबह को आंख खुलने पर पशु शाला सूनी देख किसान के होश उड़ गए ,घटना से गांव में भीड़ एकत्र हो गई, अफरा तफरी का माहौल बन गया. एक साथ तीन भैंस चोरी होने की घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई. पीडित ने थाना डिलारी को तहरी देकर कार्यवाही की मांग की है, पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### कार पेड़ से टकराई, बीटेक के छात्र की जान गई

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी घनश्याम का एकलौता पुत्र जो टीएमयू से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। 23 वर्षीय रजत कुमार और उसका चचेरा भाई योगेश कुमार अपनी कर से दावत खाकर घर को जा रहे थे। तभी सड़क किनारे खड़े पेड़ से कार टकरा गई. भीषण टक्कर से रजत की मौके पर मृत्यु हो गई. जिससे घनश्याम के परिवार का चिराग बुझ गया.योगेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद स्थित अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, घटना शनिवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे की होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। अचानक रजत कुमार की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, गमगीन माहौल में शब का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### संस्कार भारती ने किया चंदन-वंदन कार्यक्रम

**चन्दौसी।** संस्कार भारती द्वारा हिंदू नववर्ष 2082 की विक्रमी संवत के आगमन पर घंटाघर चंदौसी पर चंदन वंदन कार्यक्रम किया गया। इस




अवसर पर पंचांग पत्रिका का वितरण कर चंदन का तिलकर लगाकर हिंदू नववर्ष की शुभकामनायें प्रेषित की गई। कार्यक्रम में आईपी शर्मा, डॉ राजीव लोचनशर्मा, वैद्य ब्रज नंदनशर्मा, हरिओम कश्यप, श्याम भारद्वाज, काशीनाथ, अशोक कुमार, प्रवीन आर्य, दिलीप कुमार बंसल, डॉ योगेन्द्र मोहन शास्त्री, मुकेश नंदन शर्मा, रविंद्र सक्सेना, सतीश किराना, कृष्ण अवतार गुप्ता, अंकित कुमार, सौरभ कुमार एड., प्रभात कृष्णा, राकेश कुमार गुप्ता, विनोद विश्वकर्मा, रश्मि हर्षवर्धन, आशा विसरिया, रुचिका गुप्ता, रेखा रस्तोगी, अभिषेक गुप्ता, डॉ जयशंकर दुबे, पुष्पेंद्र सिंह यादव, डॉ टी.एस. पाल, महेशचंद्र शर्मा, अतुल कुमार आदि की उपस्थिति रही।

### आज मनाई जाएगी ईद

**चन्दौसी।** आज मुस्लिम समुदाय ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाएगा। रमजान के महीने के खत्म होने के बाद ईद का यह पर्व खुशियों और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। देशभर में मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा करने की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजारों में भी रौनक देखी जा रही है, जहां लोग नए कपड़े, मिठाइयाँ और अन्य जरूरी सामान खरीदने में व्यस्त हैं। बता दें कि ईद को लेकर बाजारों में पिछले सप्ताह से भीड़ उमड़ रही है। आज ईद की नमाज बड़ी ईदगाह एवं अन्य मस्जिदों में पढ़ी जायेगी। रविवार को बड़ा बाजार, संभल गेट, जारई गेट आदि स्थानों पर भारी भीड़ खरीदारी के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कोई मेवा मिठाई व सैवइयां खरीद रहा था तो रेडीमेड की दुकानों पर नये परिधान खरीदने वालों की अच्छी खासी भीड़ रही। चन्दौसी के एफ.आर. रोड पर अधिकांश दुकानें रेडीमेड की हैं, उन सभी दुकानों पर युवा वर्ग महिलाएं कपड़े खरीदने में लगी हुई थी। प्रशासन ने भी ईद के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। ईदगाहों के आसपास विशेष सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

### किसान ने पीला सोना समेटना किया शुरू

**चन्दौसी।** देशभर के किसान इन दिनों अपने 'पीले सोने' यानी गेहूं की फसल को लेकर पूरी तरह व्यस्त हैं। खेतों में सुनहरी बालियों से लहलहाते गेहूं की कटाई की तैयारियां जोरों पर हैं। मौसम अनुकूल रहने से इस साल गेहूं की फसल अच्छी होने की उम्मीद जताई जा रही है जिससे किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में गेहूं की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। किसान अब हार्वेस्टर और पारंपरिक विधियों से कटाई की तैयारी कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार भी उपज बेहतर रहने की संभावना है, क्योंकि इस सीजन में बारिश और तापमान संतुलित रहा है। राज्य सरकारों ने मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए हैं। अनाज भंडारण केंद्रों पर भी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं। साथ ही, किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी फसल को अच्छे से सुखाकर ही मंडियों में लाएं।



# उमराह करके लौटे सपा विधायक का हुआ स्वागत

## ● ईद मिलन समारोह में पहुंचने की जनता से की अपील

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान रविवार को सऊदी अरब से उमराह करके अपने घर लौटे तो, सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और जनता ने फूल मालाएं पहनाकर और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। बताते चले की सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान छ बार उमराह और एक बार हज कर चुके है।

सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि उन्हें माहे रमजान के मुकद्दस महीने में उमराह करने का मुबारक मौका मिला है, बताया कि उन्होंने सऊदी अरब पहुंचकर देश की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान के लिए दुआएं की। इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सभी क्षेत्रीय जनता को ईदुल फितर और हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि की मुबारकबाद पेश करते हुए दिनांक 01 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से मुंडिया राजा रोड पर स्थित क्लप्शन बैंकट हॉल पर आयोजित रिवायती ईद मिलन के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद वसीम, मुजस्सिम कमाल, कसीम आजाद, अभिनव चौधरी, शीशपाल यादव, राजू यादव, सौरभ यादव, चिराग अग्रवाल, राजीव शर्मा, हप्पू राजा,रेहान पाशा , अभिनव चौधरी, डॉक्टर विनोद, अरविंद सिंह, राज यादव, मोहम्मद हसन, जाहिद, इंतखाब, रियाज प्रधान डॉक्टर शमशेर, आसिफ पाशा, मोहसिन कमाल, आदि मौजूद रहे।



# नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईदगाह का भ्रमण कर दिए सफाई के निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने आज ईद के मद्देनजर ईदगाह का भ्रमण किया और कर्मचारियों को साफ सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि नगर की मस्जिदों के आसपास भी साफ सफाई की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। बतादें कि ईद की नमाज कांठ में 8:30 बजे पढे जाने की सूचना मिली थी इसको व्यवस्थित करने के लिए खुद नगर अध्यक्ष ईदगाह पहुंचे और ईदगाह स्थल एवम आसपास की साफ सफाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाएगा उन्होंने क्षेत्र के लोगों को ईद का पर्व आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए जाने का भी आह्वान किया है।



# गायत्री यज्ञ के साथ हुआ चैत्र नवरात्र का शुभारंभ

## ● शक्ति की आराधना का पर्व है नवरात्रि व्रत: विजय

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में चौत्र नवरात्रि व्रत घट स्थापना व गायत्री यज्ञ के साथ प्रारंभ हुआ। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि गायत्री साधक 9 दिन तक प्रतिदिन 30 माला जाप कर लघु गायत्री अनुष्ठान करेंगे। इस दौरान प्रतिदिन यज्ञ और भजन कीर्तन का कार्यक्रम रहेगा। चौत्र नवरात्रि की अवधि चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक होती है। इस बार पंचमी तिथि का क्षय होने के कारण नवरात्रि व्रत का पर्व 8 दिन अर्थात 30 मार्च से 6 अप्रैल तक रहेगा। रविवार को घट स्थापना, नवग्रह पूजन के साथ नवरात्रि व्रत का पर्व प्रारंभ हुआ। गायत्री परिवार के



वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि इस अवधि में साधक ब्रह्मचर्य का पालन कर आदि शक्ति मां गायत्री के साथ नव देवियों का आवाहन कर उनसे ऊर्जा व शक्ति प्राप्त करने का आशीर्वाद लेते हैं। नवरात्रि में गायत्री साधना सभी समस्याओं का समाधान करने वाली होती है। इस दौरान आदित्य राघव, हर्ष राघव, चौधरी लकी चहाल, रुचि राघव ,सजल राघव, अनीता, रितु चौहान आदि ने अखंड ज्योत प्रज्वलित करने व घट स्थापना में सहयोग किया।

# नगर में नवदुर्गा महोत्सव महिला मंडल के तत्वाधान में कलश यात्रा निकाली गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** रविवार को नवरात्रि के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवदुर्गा महोत्सव महिला मंडल के तत्वाधान में श्रीकाली के थान मोहल्ला पश्चिमी सादात कुंदरकी में कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई मां चामुंडा स्थल पर पहुंची तथा मोहल्ला नुरुल्लाह स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर पर कलश स्थापित करने के बाद यात्रा संपन्न हुई यह सभी कलश शिव मंदिर में संपूर्ण नवरात्रि तक स्थापित रहेंगे जो अंतिम नवरात्रि नवमी को एक भव्य माता की चौकी आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद वितरित किए जाएंगे इस शोभा यात्रा में मां की पालकी को भक्तों द्वारा अपने कंधे



पर यात्रा प्रारंभ होने से यात्रा समाप्ति तक कंधों पर मां की पालकी झुलाई गई शोभा यात्रा मे मां के अलग-अलग स्वरूपों की नो झांकियां निकाली गई। इस दौरान कलश यात्रा में प्रेमपाल दिवाकर देव सिंह सैनी शिवराज सागर शोभित वाल्मीकि सोनू शर्मा अनुप्रिया शर्मा उषा ममता पूजा आदि महिलाएं का योगदान रहा। कलश यात्रा में कुंदरकी थाना अध्यक्ष प्रदीप सहरावत ,चौकी इंचार्ज राजनाथ सिंह मय फोर्स के साथ रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया नववर्ष उत्सव

## केवल भारतीय कालगणना ही वैज्ञानिक, महानगर में निकला आज 12 स्थानों पर पथ संचलन

**मुरादाबाद।** भारतीय नव वर्ष के बारे में हम सभी जानते हैं कि पूरे विश्व में जितने भी कैलेंडर हैं उनमें सबसे ज्यादा प्रामाणिक और वैज्ञानिक कालगणना केवल भारतीय पंचांग द्वारा ही की जा सकती। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि है विश्व का अन्य कोई कैलेंडर नहीं बता सकता कि किस दिन चंद्र ग्रहण होगा किस दिन सूर्य ग्रहण होगा किस दिन ज्वार भाटा आएगा यह केवल भारतीय कालगणना द्वारा ही बताया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि विश्व में प्रचलित अंग्रेजी कैलेंडर को जो मान्यता प्राप्त हुई है।

वह भारतीय कैलेंडर को नहीं हुई भारतीय कैलेंडर चंद्रमा का आकार तक भी बता देता है। आज रात को चंद्रमा किस आकार का होगा और १५ दिन बाद किस आकार का। यह अवसर है कि हम अपनी संस्कृति पर गर्व



करें और इसको हर घर में पहुंचाएं आज का दिन सृष्टि की रचना का प्रथम दिन माना जाता है इसके अतिरिक्त आज के दिन से बहुत सारे अन्य प्रसंग भी जुड़े हैं।

ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना, चौत्र नवरात्रि का प्रारंभ, संत झूलेलाल जयंती, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, विक्रम संवत का प्रारंभ, सिख समाज के द्वितीय गुरु अंगददेव का प्रकट उत्सव, आर्य समाज की स्थापना संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी का जन्मदिन भी चौत्र शुक्ल प्रतिपदा है। नव वर्ष के पावन अवसर पर पीतल नगरी, गोविंद नगर, कटघर, कृष्ण नगर, हनुमान नगर, अर्जुन नगर, हिमगिरी नगर, काशीराम नगर, बुद्धि विहार नगर, प्रकाश नगर, केजीके नगर, नया मुरादाबाद में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया और आद्य सरसंघचालक प्रणाम कर संघ संस्थापक डॉ० केशवराव बलिराम हेडगेवार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रांत व्यवस्था प्रमुख अजय गोयल सुगंध, विभाग प्रचारक बृजमोहन, विभाग संघचालक सुरेन्द्र पाल सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख पवन कुमार जैन, महानगर संघचालक डॉ विनीत गुप्ता, महानगर कार्यवाह विपिन चौधरी, महानगर प्रचारक रोहित कुमार, प्रान्त प्रौढ़ कार्य प्रमुख ओमप्रकाश शास्त्री, देवेश सिंह, अनिल कुमार, संदीप सिंघल, कमलकांत राय, सुभाष शर्मा, निर्मल मेहता, रवि पांडेय आशुतोष कुमार, नमन जैन, ष्बाल स्वयंसेवक इवान जैन एवम दीप शर्मा की जोड़ीष वरद शर्मा, सानू कुमार, आशाराम, उम्मेदराज पुरोहित, विवेक गुप्ता, शलभ सक्सेना, हंसराज सैनी, संजय भटनागर, दिनेन्द्र कुमार, आशीष ध्यानी, श्याम कुमार, जितेन्द्र कुमार, संजय सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरएएफ व पुलिस बल ने किया पैदल मार्च

**चन्दौसी।** दो त्यौहार एक साथ हैं। एक तरफ जहां रविवार को नवरात्रों का शुभारंभ हुआ है तो रमजानों की समाप्ति हुई है। आज ईद मनायी जानी है। प्रशासन द्वारा ईद के त्यौहार को लेकर तैयारियां कर ली गई है। पुलिस द्वारा कोतवाली में कई बार नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की गई। साथ ही सभी पुलिस चौकियों के इंचार्ज को संबंधित दिशा-निर्देश दिये गये।

# व्यापार मंडल ने मनाया हिंदू नववर्ष

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा हिंदू नववर्ष संवत 2082 धूमधाम से मनाया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि यह हिंदू नववर्ष है और ईसा पूर्व से 57 वर्ष पहले राजा विक्रमादित्य ने नवसंवत वर्ष की स्थापना की थी। हिंदुस्तान में अंग्रेज तो चले गए लेकिन हिंदुस्तानियों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और अंग्रेजों के कैलेंडर को मान रहे हैं। आज के दिन ब्रह्माजी ने ब्रह्मांड की स्थापना की थी। जिला महामंत्री प्रभात कृष्ण ने कहा कि भारत में जब शिशु का जन्म होता है तो उसकी हिंदू जन्मतिथि देखी जाती है। साथ ही जब उसका विवाह होता है तो दोनों के गृह देखे जाते हैं और मृत्यु होने पर पंचांग और मूल देखे जाते हैं। इसलिए भारतवर्ष में नवसंवत के दिन मौसम बदलता है, नई फसल आती है। इसलिए नव संवत मनाया जाता है। कार्यक्रम में शाह आलम मंसूरी, अनुराग भार्गव, विकास मिश्रा, सुभाष मित्तल, सुशील अग्रवाल, विनोद कुमार बिन्नी, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रहलाद लोधी, रमेश ग्रेवाल, देशराज ग्रोवर, ज्ञानप्रकाश शर्मा, राजू चढ्ढा, जयशंकर दुबे, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता दिवस के रुप में आयोजित किया रासेयो शिविर

**चन्दौसी।** नरौली स्थित कुँवर कंचन सिंह महाविद्यालय नरौली में राष्ट्रीय सेवा योजना का चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन स्वच्छता दिवस के रूप में किया गया। शिविर के प्रथम चरण में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने नगर पंचायत नरौली में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं दीवारों पर नारे, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय चरण में सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास साफ सफाई कर श्रमदान किया। शिविर के तृतीय चरण में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रूपेश मिश्रा ने सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं को साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया और कहा कि हम सब जहाँ भी रहते हैं उसके आस-पास की साफ सफाई करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ज्योत्स्ना शर्मा ने सभी स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं से कहा कि अगर हम सब को स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए जिससे हम और हमारा समाज विभिन्न प्रकार की होने वाली बीमारियों से बच सकते हैं। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक कार्यक्रम अधिकारी धनसिंह ने सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं को संबोधित कर कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत सफाई से रहने से जहाँ शरीर स्वस्थ्य रहता है। शिविर के दौरान इशित्याक अहमद, के. पी. सिंह सोमवंसी, खेमेंद्रसिंह राघव, सतीश, पिंकू सैनी आदि उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मुरादाबाद द्वारा मोहम्मद ताहिर पुत्र श्री मकबूल निबासी चांद वाली मस्जिद के पास सराय किशन लाल मुरादाबाद को एक ऋृण संपत्ति पर दिया जा रहा है। संपत्ति स्तिथ वके मुहल्ला सराय किशन लाल इलाका गलशहीद मुरादाबाद प्यारी बेगम पत्नी शाहिद अली विक्रेता क्रेता श्री इकबाल जिसकी रजिस्ट्री नंबर 613 दिनाक 23/02/1993 बही नं. 1 जिल्द नंबर 601 पेज नंबर 315 से 330 है। हदुदअरबा पूर्व-रास्ता बलाये नाला पश्चिम-गली बधू मकान मुंशी हशमत अली, उत्तर-मकान मोकुफा मसकुना बब्बू आदि, दक्षिण-जीना बमिल्कियात मुकीरा मुस्तसाना अज बे मुतल्लिक मकान मुकीरा विक्रेय पत्र 25/03/2025 में कहीं खो गया है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 29/03/2025 को ऑनलाइन माध्यम से थाना गलशहीद मुरादाबाद में करा दी गई है। अगर किसी को ये विक्रेय पत्र मिले या किसी बैंक में ये विक्रेय पत्र रखे हो तो निम्नलिखित पते पर 7 दिन के भीतर सूचित करे या आपत्ति दर्ज करें। **राजीव चौधरी एडवोकेट, पता-चेम्बर नंबर सी-17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचरी परिसर, मुरादाबाद।**

# संदिग्ध परिस्थिति में प्रेमिका की मौत



**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नरेंद्रपुर निवासी एक व्यक्ति की नाबा. लिक पुत्री को गांव का ही लाखन पुत्र ब्रह्मपाल २ जनवरी को भगाकर ले गया था जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी लेकिन अपनी इज्जत की खातिर परिजनों ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया इसी बीच युवक अपनी प्रेमिका को लेकर अपनी नानी के गांव पहाड़पुर थाना धनोरा जिला अमरोहा में रहने लगा बताया जाता है शनिवार को पिंकी की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई जिसकी सूचना गांव की ही एक महिला के द्वारा पिंकी के परिजनों को मिली परिजनो द्वारा 112 पर पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया पीएम के बाद मृतक पिंकी का शव वापस अपने गांव नरेंद्रपुर ले आये तथा युवक के घर शव को रखकर हंगामा करने लगे सूचना पर पहुंची भगतपुर पुलिस परिजनों को समझाकर मृतक का अंतिम संस्कार कराया बही परिजनो द्वारा युवक व उसके परिजनों पर पिंकी की हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है।

# ईदगाहों पर होनी वाली नमाज की सभी तैयारियां पूर्ण, पालिकाध्यक्ष और ईओ ने किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** नगर व क्षेत्र में सोमवार को सभी ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। नमाज को लेकर नगर सभी ईदगाहों का पालिकाध्यक्ष और पालिका अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण किया। सोमवार को ईद-उल-फितर के त्यौहार पर ईदगाह नगर की सुरजननगर मार्ग स्थित ईदगाह सहित अन्य ईदगाहों पर ईद की नमाज अदा की जाएगी। रविवार को सभी ईदगाहों पर होने वाली नमाज लेकर ईदगाहों की साफ सफाई कराकर उन्हें नमाज के लिए तैयार किया गया। रविवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इरफान सैफी और पालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने सभी ईदगाहों को निरीक्षण किया है। सभी ईदगाहों पर विशेष साफ सफाई कराई गई और ईदगाहों के पास चूना डलवाया गया।



# हिन्दू नव वर्ष के आरम्भ होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**ठाकुरद्वारा/सुरजननगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नववर्ष प्रतिपदा उत्सव के अवसर पर सरसंघचालक प्रणाम और पथ संचलन का आयोजन रविवार को किया गया। सुबह १० बजे के बाद सुरजननगर के बस स्टैंड पर स्थित आराध्य वेंकट हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रांत विभाग प्रचारक ब्रजमोहन सिंह ने कहा कि वह संपूर्ण समाज को एक साथ लेकर चलने का प्रयत्न करते हैं, क्योंकि भारतीय संस्कृति आदि और अनंत है। संगठन की स्थापना के 100 वर्ष होने जा रहे हैं। इस 100 वर्ष की यात्रा में पंच संकल्प प्रण किए हैं। सामाजिक समरसता के माध्यम से संपूर्ण समाज को जोड़ेंगे, पर्यावरण के माध्यम से पेड़, पानी और पॉलिथीन पर काम कर रहे हैं। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से परिवार में भारतीय संस्कृति रहे, इसके लिए जन जागरण करेंगे। नागरिक कर्तव्य के जरिये सभी नागरिकों का अपने राष्ट्र के प्रति क्या कर्तव्य है, इसका भाव जगाएंगे। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने सुरजन. नगर के मुख्य मार्गों से देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हुए पथ संचलन किया। इस कार्यक्रम में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई जगह मार्ग पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रांत विभाग प्रचारक ब्रजमोहन सिंह ,नगर खण्ड प्रचारक शिवांशु कुमार ,प्रचारक कपिल कुमार, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान , ठाकुर अजय प्रताप, अमित कुमार, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार, रिंकू आकाश तोमर, रोहित कुमार आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।



## एक नजर

### ईदगाह पर 8 बजे ईद उल फितर की नमाज होगी अदा: अनीस रजा अजहरी

**कुंदरकी।** नगर में ईद उल फितर का चांद देखने के बाद ईदगाह पर होगी आज 8 बजे ईद की नमाज। रविवार की शाम ईद उल फितर का चांद



दिखने के बाद नगर में मुबारकबाद का सिल. सिला शुरू हो गया था बाजारों में रौनक रही। देर रात बाजार गुले गुलजार रहे। जहां सोमवार को सुबह 8 बजे ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज मौलाना अनीस रजा अजहरी अदा कराएंगे ।मोहल्ला सादात स्थित शिया समुदाय की मस्जिद में मौलाना अफाक आलम जैदी 8:30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा कराएंगे। नगर की सबसे बड़ी मस्जिद आला हजरत में मुफ्ती राशिद अफाकी ईद उल फितर की नमाज 8:15 बजे अदा कराएंगे तथा मुगलों वाली मस्जिद में मौलाना कासिम 8 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा करेंगे। ईदगाह के इमाम मौलाना अनीस रजा अजहरी ने लोगों से अपील की है कि वह सुबह 7:30 बजे तक ईदगाह पर पहुंच जाए।

### चांद का दीदार होते ही लोगों ने दी ईद की मुबारकबाद

**ठाकुरद्वारा।** चांद का दीदार होते ही मुस्लिम समाज में ईद-उल-फितर की खुशियां मनाई जा रही हैं। लोग एक दूसरे को ईद मुबारक कह रहे हैं। ईद की पूर्व संध्या पर क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा की गई। और दुआ के लिए हजारों हाथ उठे। रविवार शाम चांद दिखाई देने के बाद से मुस्लिम समाज के घरों में ईद की तैयारी शुरू हो गई। देर शाम तक बाजारों में रौनक रही। लोगों ने सोमवार को ईद के त्यौहार के लिए रविवार शाम फल, दूध, मावा, पनीर, मिठाइयां आदि जरूरी सामान की खरीदारी कीं। फैनी व खजले की जमकर बिक्री हुई। दूध की मांग भी बढ़ गई। जिन मस्जिदों में कुरान मुकम्मल हुई है। वहां मौलवियों को सम्मानित किया गया है। सोमवार को कांठ नगर व क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा नेता का फुंका पुतला

**ठाकुरद्वारा।** भाजपा नेता सुमित चौहान के नेतृत्व में करनपुर चौराहे पर महाराणा सांघा के खिलाफ गलत टिप्पणी करने वाले सपा नेता का पुतला फूंककर नारेबाजी की।

रविवार को भाजपा नेता सुमित चौहान और उनके अन्य साथियों ने ब्लाक डिलारी क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनपुर चौराहे पर सपा नेता राम जी लाल सुमन का पुतला फूका । भाजपा नेता ने सपा नेता ने हमारें देश के आन बान शान वीर महाराणा सांघा जी के बारे में अपशब्द बोलने पर आक्रोश जताया । भाजपा नेता ने कहा कि अगर कोई हमारे पूर्वजों पर ऐसी टिप्पणी करेगा तो हम सब शांत नहीं बैठेंगे । इस मौके पर बंश राजपूत, धर्मेद्र कुमार मुखर्जी, सौरव , तुषार, प्राशिश, लवी, अखलेश, जयन्त, प्रसिद्ध, जितेन्द्र, आदि शामिल रहे।

### ईद की पूर्व संध्या पर गज्जे से भरी ट्राली पलटने पर लगा जाम

**ठाकुरद्वारा।** नगर में तिकोनिया बस स्टैड पर गज्जे बोरी से भरी ट्राली पलटने पर पूरे दिन जाम लगा रहा। ईद की खरीदारी करने आए लोगों को



काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आज सोमवार को ईंद के लिए रविवार को नगर के बाजारों भारी भीड़ रही है। लोग ईंद की खरीदारी के लिए उमड़े। तो वही नगर के तिकोनिया बस स्टैड गडढ़ो में अचानक गज्जे बोरी से भरी ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटों ट्राली पलटने पर वाहनों को जाम लगा रहा। तिकोनिया पर लगे जाम के कारण ईद की खरीदारी करने आए लोगों काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। मौके पर जेसीबी बुलाकर गज्जे बारियों को मार्ग से हटाकर कड़ी मशक्कत के जाम को खुलवाया गया। इसके वाहन चालको और खरीदारों ने राहत में महसूस की।

### गेहूं की पक्की फसल में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**ठाकुरद्वारा।** अज्ञात कारणों से गेहूं की पक्की फसल में आग लग गई, जिससे फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर के फईम शाहिद नफीस पुत्रगण अब्दुल किसानों के खेत में गेहूं की पक्की फसल खड़ी थी बताया जाता है कि अज्ञात कारणों से गेहूं के खेतों में आग लग गई खेतों में आग लगने की सूचना पर जैसे ही किसान के परिजनों को पता चला तब तक देखते ही देखते गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी जिसमें बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई । वही मौके पर पहुँची दमकल विभाग की गाडिघ्यों ने आग पर काबू पा लिया है। लेकिन खबर लिखे जाने तक आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। वही दमकल विभाग के इंस्पेक्टर अंग्रेज सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

# ईदुल फित्र की फजीलत और पैगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रमजानुल मुबारक के महीने में की गई रोजा, तरावीह, तिलावते कुरआन और ऐतकाफ जैसी इबादतों के जरिये अल्लाह की रहमत, मगफिरत और दोजख से रिहाई जैसे इनामों के मिलने की खुशी में ईदुल फित्र मनाने का हुक्म हुजूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम पर हिजरत के दूसरे साल मदीने में नाजिल हुआ।जिस तरह किसी गुलाम मुल्क की आजादी पर वहां के लोग हर साल जश्न मनाते हैं या जिस तरह अपने सालाना इम्तहान में पास होने पर तालिबे इल्म खुशियां मनाते हैं उसी तरह मुसलमान भी रमजानुल मुबारक की बरकतों रहमतों के बेशुमार फैजान हासिल होने के शुकराने में ईदुल फित्र की नमाज अदा कर ईद के दिन अल्लाह तबारक तआला की तरफ से फरिश्तों को गवाह बना कर किये जाने वाले आम माफी के खुदाई ऐलान पर खुशी और मसर्रतों का इजहार करते हैं।

ईदुल फित्र में जो लफ्ज फित्र जुड़ा है इसमें मुसलमानों के लिए गरीबों, मिस्कीनों, मुफ्लिसों, यतीमों, बेसहारा बेवाओं बगैरा को भी माली तौर पर खुशी मनाने के लायक बनाने के लिए तमाम साहिबे निसाब लोगों को अपने घर के हर फर्द की तरफ से सदकघ ए फित्र अदा किया जाना जरूरी कघ्रार दिया गया है ताकि रोजों के रखने में छुपी गलतियां माफ होकर रोजे भी खुदा की बारगाह में कघ्बूल हो जाऐं। ईदुल फित्र के दिन खुदा अपने फर्माबर्दार बन्दों पर इतने इनाम लुटाता है कि रमजान में मिली कध्ैद से छूटा शैतान भी बदहवासी और मायूसी से रोने चिल्लाने लगता है फिर अपने पास जमा हुए सभी छोटे शैतानों को ईद के दिन मुसलमानों को सच्ची इबादत या अच्छे कामों से हटाकर नफ्सानी ख्वाहिशात और शैतानी कामों में मसरूफ करने में लगाने की को. शिश का हुक्म जारी कर देता है।तभी तो बहुत से बदनसीब मुसलमान शैतान के जाल में फंस कर नाच, गानों, फिल्मों, खेलों या बेढंगे मेलों की तरफ रग्बत कर ईद को अपनी आखरत के लिए वईद बना लेते हैं।फिर भी ईदुल फित्र एक तरफ जहां हमें अल्लाह के अताकर्दा इनामात पर खुशी का इजहार करने की तरगीब देती है वहीं दूसरी तरफ सदका ए फित्र के जरिये गरीबों की मदद करने और आपस में गले मिलकर पुराने गिले शिक्बे भूल भाई चारा या मेल मिलाप बढ़ाने का तरीकघ भी सिखाती है।

**बजुर्गों की ईद की झलकियां:**-हजरत उमर फारूके आजम ईद के दिन भी रोकर कहते कि जिसकी रमजान की इबादतें कघ्बूल हो गईं सिर्फ उसके लिए ईद है वर्ना जिसकी इबादतें मरदूद करके मुंह पर मार दी गईं उसके लिए आज का दिन भी वईद है। हुजूर गौसे आजम ईद के बारे में कहते कि लोग कह रहे हैं ईद है लेकिन मेरे लिए वो दिन ईद का होगा जिस दिन ईमान सलामत लेकर दुनिया से जाऊंगा। हजरत उमर फारूके आजम ने ईद के दिन अपने बेटे को तंगदस्ती की वजह से जब पुरानी कमीज पहने देखा तो रोते हुऐ कहने लगे कि दूसरे लड़कों के अच्छे लिबास देख कर कहीं बेटे का दिल न टूट जाये तो बेटे ने कहा दिल तो उसका टूटेगा जिसने अपने मां बाप की नाफर्मानी कर रब को नाराज किया हो मैंनें तो आप को राजी कर रब को राजी कर लिया है इसपर आपने खुश होकर बेटे को गले लगा लिया। हजरत उमर बिन अब्दुल अजीज ने एक बार अपनी खिलाफत के दौर में बच्चियों की नई कपड़े पहनने की जिद पूरी करने अपने खजांची से एक माह की पेशगी मांगी तनख्वाह जिंदा रहने की गारंटी न होना बताने पर खुशी से छोड़ दी और बच्चियों को खुदा और रसूल की रजा के लिए पुराने कपड़ों में ईद मना कर जन्नत का मुस्तहक बनने राजी कर लिया। बाबा फरीदुद्दीन गंज शकर के भाई और खलीफा हजरत नजीबुद्दीन मुतवक्कल ने 70 साल बिना किसी जाहिरी जरियामाश के गुजारे जिन्हें सिक्कों की कीमत की भी पहचान नहीं थी। एक बार ईद के दिन घर आये मेहमानों और बच्चों की भूख का ख्याल छत पर इबादते इलाही में गुजरा तो एक शख्स छत पर ही कई तरह के खानों से भरा ख्वान लेकर हाजिर होकर कहने लगा जिसकी इबादत का शोर मलाएआला में हो उसका खाना तलबी का ख्याल ठीक नहीं तो कहने लगे खुदा जानता है मेरा वो ख्याल अपनी जात के लिए नहीं बल्कि मेहमान नवाजी के लिए था। सय्यदना अबु उमरो अब्दुल रहमान ने ईद के दिन अपने खर्च के लिए जमा 25 दरहम पड़ोसी के मांगने पर बीवी से लेकर उसे दे दिये जो दुआऐं देता घर से बाहर निकला तभी एक नौजवान उनके कदमों में गिरकर माफी मांगते हुऐ २५ दीनार देकर कहने लगा मैं आपके वालिद का भगोड़ा गुलाम हूं इस पर आपने उसे माफी और आजादी देते हुए बीवी से कहा देखो खुदा की शान जिसने कितनी जल्दी हमारे दरहम दीनारों में बदल दिये। हजरत जुन्नून मिसरी ने अपने नफ्स की मुखाल्फत में 10 साल लजीज खाना नहीं खाया ईद की रात नफ्स को 2 रकअत नफ्ल में पूरा कुरआन पढ़ने में साथ देने के बदले सुबह को अच्छा खाना खिलाने का वादा किया। हस्बे वादा सुबह जब अच्छा खाना सामने देख नफ्स खुश हुआ तो हाथ में उठाया लुकघ्मा फिर वापस रख दिया।इसके बाद एक शख्स आपके पास खाने का एक तबाकघ लाया और कहा कि हुजूर ने मुझे ख्वाब में तशरीफ लाकर आपके लिए यह खाना अपने हुक्म से खाने के लिए भिजवाया है तब आपने चंद लुकघ्मे मैं फर्माबर्दार हूं मैं फर्माबर्दार हूं कह कर खा लिये।

**सदका: ए: फित्र:**- ईदुल फित्र की नमाज अदा करने से पहले पहले हर साहिबे निसाब को अपने घर के हर फर्द ए बालिग ना बालिग की तरफ से सदका ए फित्र अदा करना वाजिब है। सदका ए फित्र का मकसद गरीबों को भी ईदुल फित्र की खुशियां मनाने के लायक बनाना है। इसकी मिकदार घर के हर फर्द की तरफ से दो किलो पैंतालीस ग्राम गैहूं या उसकी कीमत के बराबर नकदी उसके हकघ्दारों को देना है।सदका ए फित्र रमजान के रोजों और खास इबादतों की कोताहियों का कफ्फारा है।

**फरमान: ए: हुजूर** है कि बंदे का रोजा आसमान और जमीन के दर्मियान तब तक मुअल्लिक यानी लटका रहता है, जब तक वो सदका ए फित्र अदा ना कर दे।

**तारीख बगदाद रकम :** अक्सर यह देखा जाता हे ईद के दिन नमाज को जाते वक्त लोग रास्ते में बैठे हुए भिखारियों को सदके की रकम देते हैं। ईदुल फित्र के दिन भिखारियों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो जाती है, सदका ए फित्र के नाम पर लोग उन भिखारियों का दामन तो भर देते हैं, लेकिन असल जरूरत मंदों को इस हक से महरूम कर देते हैं। मुसलमान जब तक अपने तौर पर सदका ए फित्र का दिखावा करता रहेगा, वो इस अजीम अमल के सवाब और उसकी रूह से दूर रहेगा।


सदका ए फित्र के मद में मुसलमान हर साल करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, जो गलत हाथों में चले जाते हैं, इस पर उम्मत को गौर करना चाहिये।

यह कोई जरूरी नहीं है कि खास ईद के दिन सदका दिया जाए, जरूरी यह है कि पहले से ही ऐसे खानदानों या ऐसे लोगों को तलाश करके उन तक यह रकम पहुंचाई जाए।

से खुद्दार लोग मोहल्ले, पड़ोस और रिश्तेदारों में होते हैं, जो कह नहीं सकते लेकिन उनके हालात और उनकी हैसियत दिखाई देते हैं।

चाहें आपस में एक ऐसा निजाम बनाएं कि सदका ए फित्र इकट्ठा करके मुस्तहिक लोगों को मिल जाए, ताकि आपके पैसे का सही इस्तिमाल हो सके, यह काम आप आज और अभी से करने का इरादा करें, इंशाअल्लाह तआला आपके इस मुजाहिदाना अमल को अल्लाह कुबूल फरमाएगा।

# मौहम्मद साहिल व शुऐब ने किया क्लास टॉप



**मुरादाबाद। मौहम्मद साहिल व सुऐब ने किया क्लास टॉप।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अधिवक्ता यासीन मलिक के दोनों ने बेटों ने क्लास टॉप किया है।

बताते चले कि हबीबुर रहमान एकेडमी सिरसखेड़ा मुरादाबाद में मौहम्मद साहिल (9वीं) का छात्र है और उसने क्लास टॉप कर अपने परिवार का कद ऊंचा कर दिया है। वहीं उनका दूसरा बेटा सुऐब ने भी (क्लाब-6) टॉप किया है। जिससे परिजनों में खुशी का माहौल है।

# अनियंत्रित होकर गिरी बाइक सवार सहित दो घायल

**ठाकुरद्वारा।** बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर जाने के कारण बाइक सवार व पीछे बैठे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहाँ से चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है। रामपुर बलभद्र निवासी रामस्वरूप पुत्र जिराफ सिंह, रविवार को अपने बेटे वीरपाल पुत्र रामस्वरूप के साथ बाइक से काम से आ रहे थे ।तभी मानपुर दतराम के निकट रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिसमें पुत्र वीरपाल का ना मालूम चोटे आई वही पिता रामस्वरूप गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीण ने घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी जिसके सूचना पाकर मौके पर पहुँची 108 एम्बुलेंस ई एम टी विजय प्रकाश ,पायलट सचिन कुमार ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। वही चिकित्सको ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए उसको हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

# मुस्लिम समाज ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का किया स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में धूमधाम से निकाली आर्य समाज की। शोभायात्रा नगर के बुधबाजार स्थित आर्य समाज विद्या मंदिर में नववर्ष के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रविवार को नवसंवत्सर 2082के उपलक्ष्य में आर्य समाज विद्या मंदिर बुधबाजार में विगतवर्षों की भांति नगर में आर्य समाज की स्थापना वर्ष चौत्र मास के नव वर्ष पर बुध बाजार में स्थित आर्य समाज मंदिर में वेद मन्त्रो के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के बाद ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी ने केसरी रंग का ध्वजा फराह कर यात्रा का शुभारंभ किया । शोभा यात्रा मे स्वामी दयानंद , भारत माता व अन्य झांकियां शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी थी । शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुयी आर्य समाज मंदिर पर पहुंची । सुख स्मृति की प्रार्थना के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा, इंचार्ज विपिन कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान गुलाब सिंह वर्मा , संजीव सिंघल , दीपक वाल्मीकि ,मनोज चौहान, आशुतोष अग्रवाल ,राम स्वरूप सिंह , कमलेश कुमार, रमेश सिंह, राकेश कुमार, गोपाल ,,प्रदीप कुमार , मोहित सिंगल , धर्मेंद्र पाल, शिवेंद्र गुप्ता,रितिक कुमार, राजेश कुमार महाशय ,रामपाल सिंह ,करण सिंह ,मास्टर जयपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, सरदार जसवंत सिंह ,हिमांशु रस्तोगी ,विभु वर्मा, रचित शर्मा, आयुष शर्मा ,धर्मेंद्र पाल ,नागेंद्र सिंह, अवनीश आर्य ,पंकज प्रजापति, मुकेश कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी, धर्मेंद्र पाल सिंह, आशुतोष अग्रवाल, मोहित सिंघल, तरुष अग्रवाल ,निमेष कुमार , सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# आगामी त्यौहार मद्देनजर शांति व्यवस्था को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार के मददेनजर नगर में शांति व्यवस्था को लेकर अपराध नियंत्रण दृष्टिगत को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था मददेनजर पैदल फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। नगर में कोतवाली प्रभारी विवेक शर्मा के नेतृत्व भारी पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च निकाल कर नवरात्रों व ईद के दृष्टिगत नगर में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर में कोतवाली , बुधबाजार , बाजार गंज , राजीव मार्केट, कदीर तिराहा,चलचित्र ढाल, कमालपूरी चोराहा, अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील।की फ्लैग मार्च उपनिरीक्षक विपिन कुमार, बलराम दीक्षित, तेजपाल सिंह, किरंत पंवार ,हेड कॉन्स्टेबल रणवीर सिंह कॉस्टेबल मोशिन राठी, योगेश कुमार, निशांत कुमार, गौरव कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** झगड़े पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी नदीम पुत्र नफीस को पत्नी को घर के खर्चे को लेकर झगड़ा पर उतारू होने की शिकायत पर शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# पोते को न्याय दिलाने के लिए दादी लगा रही पुलिस अधिकारियों से गुहार

**मुरादाबाद।** पोते की मौत के मामले में दादी ने पुलिस के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए पोते को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए दो युवतियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मुरादाबाद जनपद के थाना मझोला क्षेत्र रामतलिया चौकी क्षेत्र होली का मैदान निवासी ममता नामक महिला ने अपने पोते अंश भारद्वाज के आत्महत्या करने के कारणों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर एक प्रार्थना पत्र एसएसपी के नाम सौपा है। दिए गए प्रार्थना पत्र में दादी ममता का कहना है कि प्रार्थनी का सगा पौता अंश भारद्धाज पुत्र स्व० आशीष भारद्धाज ने दिनाँक २६ मार्च की शाम स्वंय फांसी लगा ली थी।उनका पौता फासी के समय प्रार्थनी की पुत्रवधु पारूल के घर पर था, पारूल ने दूसरी शादी कौशल नामक व्यक्ति से की थी, जब प्रार्थनी का पौता अंश भारद्धाज अपनी माँ पारूल से मिलने जाता था तो उनमे अनबन सी बनी रहती थी।

प्रार्थनी को पता चला है कि प्रार्थनी के पौते अंश भारद्धाज का एक लड़की से सम्बन्ध था और उस लडकी ने प्रार्थनी के पौते अंश भारद्धाज पर शादी करने का दवाब डाला।उस युवती ने बुद्ध बाजार चौकी में शिकायत करके प्रार्थनी के पौते अंश भारद्धाज की पिटाई भी कराई थी



और प्रार्थनी के घर पुलिस भी आई थी। अब से 15 दिन पहले भी उस लड़की ने धमकी दी थी। इस घटना से प्रतीत होता है कि प्रार्थनी के पौते अंश भारद्वाज को धमकी के कारण मजबूरन फासी लगानी पड़ी। महिला ने इस मामले में पुलिस के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए पोते की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाईकी मांग की है।

## मामूली कहासुनी के बाद घर पर आकर मारपीट पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाना छजलैट के गांव मानपुर निवासी मुदस्सिर पुत्र भूरे का कहना था कि २९ मार्च को मैं और मेरे ताऊ कलुआ मंद. रसे में नमाज पढने गये थे वहाँ पर पंखा बंद करने को लेकर आजम व उसमान पुत्रगण इलयास निवासी मानपुर से कहा सुनी हो गयी थी वहा से मैं सीधा अपने घर आ गया था रात्रि करीब ०८.४५ बजे आजम व उसमान गाँव के शेर खान पुत्र शफी व जुल्फेकार पुत्र अहमद के साथ हाथो में लाठी डण्डे लेकर घर में घुस आये और मारपीट करने लगे भाभी शमशीदा पत्नि इसराईल बचाने आयी तो इन लोगो ने उसके साथ भी मारपीट की जिससे उसके पैर में काफी चोट आई शोर सुनकर लोग आ गये जिससे हमारी जान बची लेकिन हमलाबर जाते जाते अगली बार जान से मारने की धमकी दे गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त हुए दोषमुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/चन्दौसी।** वर्ष 2014 में पॉक्से एक्ट में वांछित अपराध सं० 404, धारा 323, 554क भारतीय दंड संहिता व धारा 12 पॉक्सो एक्ट थाना चन्दौसी जिला संभल में दर्ज किया गया था जिसमें अभियुक्त सोनू पुत्र राजेश सिंह, राजेश सिंह पुत्र तोताराम, कुसुम पत्नी राजेश सिंह निवासीगण मौलागढ़ को आरोपित किया गया था जिसमें वादी की ओर से 29 अक्टूबर 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वादी नि० असालतपुर जारई थाना चन्दौसी द्वारा कहा गया 25 अक्टूबर 2014 को उसकी नाबालिग बेटी अपने ननिहाल मौलागढ़ में आयी थी। लगभग दोपहर 03:30 बजे सरक.ारी नल पर कपड़े धो रही थी। तभी गांव में सोनू, मोनू पुत्रगण राजेश आदि ने नाबालिग बेटी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अश्लील हरकतें की। किसी तरह पीडिता हाथ छुड़ाकर घर गई तो सोनू, मोनू, अंकुर पुत्रगण राजेश, पारुल पुत्री राजेश आदि लोगों ने घर पर चढ़ाई करके पीडिष्ता की नानी को पीटा जिसकी रिपोर्ट कोतवाली चन्दौसी



शिव कुमार गौतम एडवोकेट।

में दर्ज की गई। पूरे मामले की सुनवाई न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मुरादाबाद में सुनी गई जिसमें बयान दर्ज कराये गये। बयानों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रघुवरसिंह ने अपना फैसला सुनाया जिसमें अभियुक्तगण सोनू व राजेश को सत्र परीक्षण संख्या 1251/2016, मु०अ०सं० 404/2014 थाना चन्दौसी जिला संभल में धारा 354क व 323 भारतीय दंड सं.िहता एवं धारा 12 लैंगिक अपराधों में बाल संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अंतर्गत अभियुक्ता कुसुम को धारा 354 व 323 संहिता के आरोपों से दोष मुक्त किया गया। वहीं अभियुक्त जमानत पर हैं। इनके जमानतनामे व बंधन पत्र निरस्त किये गये। विद्वान अधिवक्ता शिव कुमार गौतम एड., ईश्वरचंद्र एड., अभिनेश कुमार एड. अभियुक्त पक्ष की ओर से यह मुकदमा लड़ा गया और साक्ष्य नहीं पाये जाने अभियुक्तों को दोष मुक्त किया गया।

## एक नजर

### स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरुक

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर ग्राम मौलागढ़ में आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में स्वच्छता कार्यक्रम के उपरांत ग्राम मौलागढ़ में रैली निकालकर ग्रामवासियों से संपर्क स्थापित किया तथा सात दिवसीय शिविर के दौरान उनके द्वारा किए गए सकारात्मक एवं संदेशपरक कार्यक्रमों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विशेष कुमार पांडेय, कपिल देव, कुलद.ीप, संजय, जितेंद्र कुमार, भगवत शरण, सत्य प्रकाश, शिवकुमार, दीपचंद, गंगासिंह, डॉ राजपाल आदि ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए उनके कार्यों की भरपूर प्रशंसा की। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। स्वयंसेवक कौशल ने बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी।

### भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में किया पथ संचलन

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर चंदौसी द्वारा रविवार को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 भारतीय नववर्ष एवं संघ संस्थापक डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार की जयंती के उपलक्ष्य में पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पथ संचलन शुरु होकर कम्पनी बाग मैदान से नगर के सभी स्वयंसेवकों ने एक साथ संचलन प्रारम्भ कर मालवीय चौक, सम्भल गेट, जवाहर रोड, घंटाघर, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट होते हुए फब्बारा चौक से पुनः कम्पनी बाग मैदान में समापन हुआ। कार्यक्रम में मंच पर नगर संघचालक विष्णु शंकर एवं जिला कार्यवाह अशोक रहे। जिला कार्यवाह अशोक ने हिन्दू नववर्ष के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही डा. केशव राव बलिराम हेडगेवार के जीवन की अनेक घटनाओं की ओर इंगित किया। पथ संचलन में चरन सिंह (जिला व्यवस्था प्रमुख), उदय तिवारी (नगर कार्यवाह), पवन (नगर व्यवस्था प्रमुख), अभिनव (नगर सह शारिरिक शिक्षण प्रमुख), संजय (नगर सम्पर्क प्रमुख), अजय (नगर सेवा प्रमुख), अनमोल (नगर प्रचार प्रमुख), विवेक, नवनीत चौधरी, अमित, भूपाल शास्त्री, पिंकल, दिलीप, पंकज, आयुष, अनिल, श्रीगोपाल, प्रभात, उमेश आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन नगर कार्यवाह उदय तिवारी ने किया।

### सड़कों पर खड़े वाहनों से बढ़ी लोगों की दुश्वारियां

**कांठ ( शाह टाइम्स )**नगर पंचायत कांठ में पट्टी मोढाघ से डॉ इंतजार की पुलिया तक सरकारी सड़क के दोनों तरफ चार पहिया वाहन खड़े होने के कारण निकलना दुश्वार हो गया है जबकि इस सड़क पर प्रतिदिन पढ़ने वाले बच्चे या राहगीर चोटिल हो जाते हैं वाहन भी एक दूसरे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं इसे लेकर कई बार झगड़ा भी हो गया है चार पहिया वाहन दर्जनों की संख्या में खड़े रहते है इससे कई बार तो जाम की स्थिति बन जाती है फास्ट फूड बेचने वाले ठेले भी खड़े रहते हैं जिस पर सैकड़ो की संख्या में वहां खरीदार सड़क पर ही खड़े रहते हैं जिससे राहगीरों को निकलने में काफी दिक्कत होती है स मुहल्ले के लोगो का कहना है कि कार स्वामियों से कार हटाने के लिए कहते हैं तो वह मना कर देते हैं कई बार स्थिति झगड़े की बन जाती है स अतिक्रमण होने के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है और खड़ी गाड़ियों में लगने का डर रहता हैस लोगों ने सरकारी सड़क से वाहन हटवाने की मांग की है।

### चांद का दीदार होते ही खुशी का माहौल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** ईद का चांद दिखाई देते ही क्षेत्र में खुशी छा गई मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी बतादें कि मार्च के महीने में इस बार रमजान आया लोगों ने बड़ी शिद्दत के साथ रोजे रखें और आशा के अनुरूप आज चांद दिखाई दिया तो चारों ओर खुशियां



फैल गई हक्कानी आवास पर भी चांद का दीदार करते ही महिलाओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। सपा नेत्री सलमा हक्कानी ने देश वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए इस पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए जाने का आह्वान किया है।

### सलेमपुर के पथ संचलन में युवाओं में दिखाई दिया उत्साह

**कांठ( शाह टाइम्स )**वर्ष प्रतिपदा उत्सव (चौत्र शुक्ल प्रतिपदा) वि. संवत् 2082, हिंदू नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा छजलैट खंड विधानसभा कांठ के ग्राम सलेमपुर में पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक कृष्ण गोपाल जिला व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र सिंह नगर प्रचारक अमित आलोक सुभाष आदर्श राहुल कुश ओमवीर ग्राम प्रधान सचिन चौधरी धर्मेंद्र सिंह डॉ प्रीति सिंह सहित काफी संख्या में छोटे-छोटे स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# नववर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज ने निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज के तत्वावधान में महानगर की सभी आर्य समाजों के संयुक्त सहयोग से विगत 35वर्षो से नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में निकलने वाली प्रभातफेरी को आज भी उसी मार्ग पर निकालीं गयी। आर्य समाज मंण्डी बांस से प्रारंभ हुई प्रभातफेरी यज्ञ की अग्नि प्रदीप्त करके प्रारंभ की। जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य ने यज्ञ ज्योति को वेद मंत्रों की आज्ञाओं से घी और सामग्री की आहुतियां दिलवायीं। प्रभातफेरी में सभी आर्य भारतीय परिधान धारण किये और गले में गायत्री मंत्र की पट्टिका धारण करके मार्ग में सभी महानगर वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर्रि द्वान आचार्य अनुज शास्त्री ने नवसंवत्सर का महत्व बताते हुए कहा कि आज का दिन मानवजाति ही नहीं जीव मात्र के लिए बड़ा ही पवित्र दिवस है। परमपिता परमात्मा का हम जीवो पर बड़ा ही उपकार का दिवस है।उसी की कृपा से यह सृष्टि जगत हमें देखने को मिला, उपभोग करने का अधिकार दिया ,सुंदर संसार देखने और समझने का अवसर मिला। इस दिन हम घरों को स्वच्छ करके अग्निहोत्र करें,ओ३म् की ध्वजा फहराये, परमपिता परमात्मा का यशोगान गायें। प्रभात फेरी में प्रभु की महिमा और महर्षि दयानंद सरस्वती की महिमा के गीत गाते हुए मण्डी चौक ,अमरोहा गेट, कोतवाली, बाजार गंज,गुरहट्टी, गुरु गोविंद सिंह चौक गुलजारी मल की धर्मशाला होते हुए आर्य समाज स्टेशन रोड पर आकर विश्राम किया। प्रभातफेरी में भारत माता की जय,महर्षि दयानंद सरस्वती की जय,पं लेखराम की जय ,स्वामी श्रद्धानंद की जय आदि उद्घोष



किये गये। प्रभातफेरी का जगह जगह पुष्प वर्षा कर व प्रसाद देकर स्वागत किया।प्रभातफेरी में अरबिंद आर्यबंधु विनोद कुमार गुप्ता निर्मल आर्य ज्ञानेंद्र गांधी, धवल दीक्षित,रमेश सिंह आर्य अजब सिंह आर्य,डा राम मुनि,डा अभय श्रोत्रिय, जितेन्द्र आर्य,मनोज कुमार आर्य,मयंक आर्य,रमाशंकर सिंह, विजय कौशिक, लोकेश आर्य प्रीता आर्य, चंद्रकिरण आर्य, कुसुम आर्य,नलनी आर्य, कल्पना शंकर,वी के अग्रवाल महेंद्र पाल सिंह,लाल किशौर शास्त्री,पूनम शास्त्री, मीरा सोती,ऊषा गुप्ता, शन्नो देवी,रक्षा गोयल, कमलेश गोयल,पुष्पा आर्य,शिवानी , रामलाल, करनसिंह आर्य, रविन्द्र आर्य संदीप त्रिवेदी सुभाष आर्य आदि उपस्थित रहे।

## हिंदी नव वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नगर में निकाला पथ संचलन

**कांठ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निर्देशन में नगर में आज स्वयं सेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ रामलीला मंदिर से हुआ वहां से सभी सेवक वर्दी और हाथों में डंडा लेकर संत रविदास मंदिर की तरफ निकले और पथ संचलन मोहल्ला पट्टी वाला उपदेश चौराहा मेंन बाजार वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर पुलिस चौकी के सामने से होता हुआ स्टेशन रोड और थाने के सामने से निकलकर रामलीला मंदिर पर ही संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयं सेवकों ने सनातनियों को हिंदी नव वर्ष की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री योगी सरकार के सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण होने पर महानगर के सभी 10 मंडलों में घर-घर संपर्क अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के सेवा,सुरक्षा और सुशासन के सफलता पूर्वक 8 वर्ष पूर्ण होने पर महानगर के सभी दस मंडलों में प्रत्येक मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र के प्रत्येक बूथ पर घर-घर जनसंपर्क अभियान किया गया जिसमें केंद्र की प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार,एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश में 8 वर्षो में किए गए कार्य का लेखा-जोखा का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी लाइनपार मंडल के वार्ड नं० 29 में मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष गिरीश भड़ूला,पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने मंडल अध्यक्ष मिथुन शर्मा,पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेश सैनी, संजीव चौहान प्रीति कश्यप पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जन सम्पर्क कर भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही लोककल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न उपलब्धियों का लेखा जोखा रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से प्रस्तुत किया।

चंदनगर मंडल के बुद्धि विहार फेस २ मुख्य अतिथि जयपाल सिंह व्यस्त ने मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता,महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ,पार्षद कविता गुप्ता,सौरभ मंगू, प्रमोद शर्मा, लाकडी फाजलपुर में मुख्य अतिथि पूर्व बाल संरक्षक आयोग अध्यक्ष विशेष गुप्ता पूर्व पार्षद अशोक सैनी , प्रकाश यादव, आदि ।बैंक कालोनी में महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन,मुकेश भारद्वाज,पार्षद गीता शर्मा,पूर्व पार्षद द्रोपा देवी आदि। रामगंगा विहार मंडल के शक्ति केंद्र दीनदयाल नगर के साईं मंदिर रोड मार्केट में महानगर मंत्री सुनीता शर्मा,अजय वर्मा, क्षेत्रीय सहमीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, विनीता मल्होत्रा, मयंक कश्यप,प्रवीण वोरा,सौरभ शर्मा, अनुज शर्मा,अनूप मल्होत्रा, राजीव गुप्ता आदि। दस सराय मंडल के जयंतीपुर गोबिंद नगर में महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी, मंगल सिंह राजपूत,ऋषि भारद्वाज आदि। सेहल मंडल में



ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह,महानगर मंत्री गेत्रपाल सिंह आदि ने मंडलों के विभिन्न क्षेत्रों में घर घर जन संपर्क कर पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी द्वारा 8 वर्षों में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा एवं कहा कि सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति पर चलते हुए नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को नवीन ऊँचाईयों तक पहुँचानेके लिए भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है एवं 2027 के चुनाव में भाजपा को वोट करने का अनुरोध किया।

## हिंदू नव वर्ष के अवसर पर आरएसएस का पथ संचलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** रविबार को नगर पंचायत पाकबड़ा के मुख्य मौहल्ले जैसे बड़ा मंदिर , होली वाला कुआं पुराना डाकघर कलारिया महादेव मंदिर चामुंडा देवी मंदिर, बुद्ध बाजार सहित कई स्थानों से होते हुए रविवार को आरएसएस का पथ संचलन निकाला गया। इसका आयोजन हिंदू नव वर्ष के अवसर पर किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा भी हुई। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर रविवार को नगर के मुख्य मार्गो से राष्ट्रीय स्वयं सेवक आरएसएस द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया है।

पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्व्यंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान भारत माता की जयकारें का उदघोष भी किया गया। दूसरी ओर कई जगहों पर लोगों ने स्व्यं सेवकों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

# ग्रामीण घायल अवस्था सड़क किनारे पड़ा मिलने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** आधी रात के अंधेरे में खेत की सिंचाई करने बाइक से पेट्रोल पंप से डीजल खरीदने जा रहा ग्रामीण गंभीर घायलावस्था में सड़क किनारे पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। परि.जनों ने खनन माफियाओं की निगरानी कर रहे नायब तहसीलदार सदर और उनके अंगरक्षकों पर डंडों और रायफलों की बेटों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में गंभीर रूप से घायल गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी किसान चंद्रपाल सैनी ने कहा है कि बेटा महेश बागवानी की खेती कर गुजारा कर रहा है।घ गुरुवार शुक्रवार की रात को बेटा फसल की सिंचाई करने गया था। इंजन में तेल खत्म होने पर बाइक से डीजल खरीदने भोजपुर में स्थित पेट्रोल पंप को जा रहा था।घ रास्ते में तिगरी की पुलिया पर नायब तहसीलदार अंकित गिरी और उनके अंगरक्षकों ने खनन माफिया होने की बात कहते हुए बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया। बेटे ने विरोध किया तो उन्होंने गांव के गुलफाम और महफूज के साथ मिलकर डंडों और रायफलों की वटों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चुपचाप उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर ले गए। हालत गंभीर होने पर तड़के तीन बजे सीएससी प्रभारी ने फोन पर बेटे के घायल होने की सूचना दी। गांव वालों के साथ सीएचसी गया तो उन्होंने बताया मरीज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। किसान ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने थाने में तहरीर दी तो उन्होंने अधिकारी का नाम होने की बात कहकर मुकदमा लिखने से मना कर दिया। इस पर भारी संख्या में किसान महिलाओं को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथसंचलन कार्यक्रम

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर बहेड़ी मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में पथ संचलन का कार्यक्रम



किया जिसमें करन सिंह विभाग पर्यावरण संयोजक ने सभी कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया उन्होंने देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया तथा जातिवाद से ऊपर उठकर मानवता के प्रति लोगों को जागरूक किया उन्होंने कहा कि भगवान राम ने शबरी के झूठे बेर खाकर यह संदेश दिया कि हमें जातिवाद में न पड़ कर देश और समाज के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करनी चाहिए पथ संचलन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गांव की अनेक गलियों में होकर पुनः शिव मंदिर पर समापन हुआ इस दौरान ग्राम रोशनपुर बहेड़ी के अनेक लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की इस दौरान , माननीय खंड संघ चालक गोपाल सिंह , सह खंड संघ चालक महावीर , खंड कार्यवाह पवन तुलसी सिंह ,विद्यार्थी प्रमुख शिवम सिंह ,संपर्क प्रमुख लविश, बौद्धिक प्रमुख मंगलेश सिंह , विपुल सिंह,सावन चौधरी,अमरीश आलोक शर्मा ,अशोक कुमार,सह व्यवस्था प्रमुख पंकज कुमार रोहित चौधरी,प्रशांत चौधरी ,पवन शर्मा ,अनूप जाटव ,खिलेंद् , प्रदीप कुमार मीना, सुनील कुमार,मुनी कुमार ,विशाल सिंह के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कनक हॉस्पिटल

करीब स्टेट बैंक, बुद्ध बाजार, सिरसी

की जानिब से


ईद-उल-फितर

Eid Mubarak

की दिली मुबारकबाद

## फज़ल एण्ड आनन्द हॉस्पिटल

की ओर से आप सभी क्षेत्रवासियों को ईद उल फितर की हार्दिक शुभकामनाएं



Eid Mubarak



आनन्द कुमार M.B.B.S., M.S.

एजेन्टी तिराहा, सम्भल

अब्बास आलम कुरैशी डायरेक्टर

## इण्डिया फ्रोज़न फूड

भूड़ा बेगमपुर चिमयावली






हाजी इरफान कुरैशी | हाजी रिज़वान कुरैशी | हाजी एहतेशाम कुरैशी | मो0 रेहान कुरैशी

सभी देश वासियों एवं जनपद वासियों तथा क्षेत्र वासियों को



हाजी इमरान कुरैशी

समाजसेवी

ईद-उल-फितर

की दिली

मुबारकबाद



सभी क्षेत्रवासियों को

ईद-उल-फितर



की दिली मुबारकबाद

कैसर अब्बास

जिलाध्यक्ष रा.लो.दल, सम्भल

निवास सिरसी






सय्यद अली खामनेई | सय्यद अली सीसतानी | मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी | सय्यद अली ज़ैदी



हसन आरिफ

सभी क्षेत्रवासियों को

ईद-उल-फितर

की दिली मुबारकबाद



मौ0 सामिन

मिनजानिब : चौ0 हसन आरिफ मुतवल्ली

शिया जामा मस्जिद, इमाम बारगाह गर्बी व दरगाह दादा मखदूम साहब सिरसी, सम्भल

सभी क्षेत्रवासियों को

ईद-उल-फितर



की दिली मुबारकबाद

शराफत हुसैन

सिरसी गैस एजेन्सी

सिरसी

सभी क्षेत्रवासियों को

ईद-उल-फितर



की दिली मुबारकबाद

मौ0 अज़ीम कुरैशी

सभासद पति वार्ड नं0 4

नगर पंचायत सिरसी

नगर पंचायत सिरसी की जानिब से सभी क्षेत्रवासियों को

ईद-उल-फितर

की दिली मुबारकबाद

अपील

जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें

कूड़ा नियत स्थान पर ही डालें

जल अमूल्य है इसे व्यर्थ न बहने दें


पॉलीथीन का प्रयोग न करें

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें



डॉ0 मणिभूषण तिवारी

अधिशासी अधिकारी



कौसर अब्बास

चैयरमैन सिरसी

सभी क्षेत्रवासियों को

ईद-उल-फितर



की दिली मुबारकबाद

खुर्शीद मलिक

सभासद वार्ड नं. 5

नगर पंचायत सिरसी

# सम्पादकीय

सोमवार, 31 मार्च 2025

## जीएसटी व्यवस्था पर सवाल

लगातार जारी किए जा रहे आंकड़े गवाह हैं कि अप्रत्यक्ष कर राजस्व में लगभग दो फीसदी की गिरावट वास्तव में चिंता का विषय हो सकती है। संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की 19वीं रिपोर्ट में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था की तीखी आलोचना की गई है। इस कर व्यवस्था को देश में अप्रत्यक्ष कर अनुपालन को सरल, एकीकृत और बेहतर बनाने के मकसद से जुलाई 2017 में लागू किया गया था। सबसे पहले, पीएसी ने वित्तीय वर्ष 2018 और वित्तीय वर्ष 2020 के बीच कोविड-19 महामारी से पहले जीएसटी के शुरुआती दो सालों के दौरान अप्रत्यक्ष कर राजस्व में लगभग दो फीसदी की गिरावट पर प्रकाश डाला। चिह्नित की गई अनेक विसंगतियों में से, राज्यों की क्षतिपूर्ति निधि का छह सालों से ज्यादा समय तक लेखा-परीक्षण न किया जाना तथा उसे अंतिम रूप न दिया जाना विशेष रूप से चिंताजनक है। इससे इस एकीकृत, लेकिन संघीय कर ढांचे की कार्यप्रणाली पर दबाव पड़ा है। पीएसी ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के सामने क्षतिपूर्ति निधि खाता पेश करने में केंद्र की विफलता पर ध्यान दिया है, जोकि जीएसटी लागू होने के बाद से राज्यों को राजस्व घाटे के लिए समय पर क्षतिपूर्ति जारी करने और प्रमाणित करने के लिए एक आवश्यक कदम था। जीएसटी व्यवस्था की केंद्रीकरण की प्रवृत्तियां लंबे अरसे से प्रमुख राजस्व-उत्पादक राज्यों के लिए विवाद का विषय रही हैं, जिनमें से कई राज्यों ने घटती राजकोषीय स्वायत्तता और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में तीव्र गिरावट पर चिंता जताई है। गंतव्य-आधारित कर के रूप में, जीएसटी उपभोग के बिंदु पर लगाया जाता है, जिससे मैन्यूफैक्चरिंग-प्रधान राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन्हीं चिंताओं को दूर करने के लिए, जीएसटी (राज्यों को क्षतिपूर्ति) अधिनियम, 2017 ने एक क्षतिपूर्ति कोष को अनिवार्य किया था और राज्यों को वित्त वर्ष 2016 को आधार वर्ष मानकर पांच सालों (2017-22) के लिए 14 फीसदी सालाना राजस्व वृद्धि का वादा किया था। हालांकि, कई राज्यों ने या तो धनराशि प्राप्त नहीं होने या फिर गंभीर देरी की शिकायत की है, जिसके चलते उनका कहना है कि शासन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पीएसी ने इसके किए केंद्र के उदासीन रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में, पीएसी ने 10667 मामलों के नमूने में से 2447 विसंगतियों-जिनकी राशि 32577.73 करोड़ रुपये है, का हवाला दिया है और वित्त मंत्रालय के लेखापरीक्षा संबंधी नजरिए की आलोचना करते हुए इसे बेपरवाह बताया है। पीएसी ने लंबित मामलों के संबंध में समय पर लेखापरीक्षा और अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने के लिए सीएजी के साथ एक औपचारिक तंत्र स्थापित करने की सिफारिश की है। इसने जीएसटी 2.0 विकसित करने के लिए एक व्यापक समीक्षा की भी बात कही है, यह एक ऐसी सिफारिश है जो राज्यों द्वारा जीएसटी राजस्व में ज्यादा हिस्सेदारी, जो वर्तमान 50 फीसदी से बढाकर 70 फीसदी-80 फीसदी के करीब करने, की मांग को प्रतिध्वनित करेगी।

## ऑफशोर माइनिंग की परमिशन अनुचित फैसला



ऑफशोर एरियाज मिनरल (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 का शुरू से ही विरोध हो रहा था, क्योंकि इसमें पर्यावरण और सामाजिक-आर्थिक दुष्प्रभावों की अनदेखी की गई है, सरकार ने बिना प्रापर स्टडी और हितधारकों से परामर्श के ही निजी कंपनियों को ऑफशोर खनन की परमिशन दे दी, इसलिए सरकार इसका टेंडर कैंसिल करे, कई रिसर्च ऑफ शोर माइनिंग के प्रतिकूल प्रभावों की ओर इशारा करते हैं, इनमें समुद्री जीवन के लिए खतरा, प्रवाल भित्तियों को नुकसान और मछली स्टाक की कमी शामिल है, जब खान मंत्रालय ने 13 अपतटीय ब्लॉकों के लिए लाइसेंस देने के लिए निविदाएं आमंत्रित कीं, तो इस मनमाने कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे, 13 ब्लॉकों में से तीन ब्लॉक कोल्लम के तट पर रेत की माइनिंग और कंस्ट्रक्शन के लिए हैं। ये फिश ब्रीडिंग का महत्वपूर्ण स्थान है।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ईद लाती है खुशियों की बौछार...





सुहैल मलिक

ईद जिसे हम मीठी ईद भी कहते है। ईद उल फितर इस्लामी कैलेंडर के अनुसार रमजान के महीने के अंत में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व मुसलमानों के लिए रमजान के महीने के दौरान रखे गए रोजे की समाप्ति का प्रतीक है, और यह खुशी, उल्लास और एकता का प्रतीक है। रमजान खत्म होने के बाद चांद नजर आने के अगले दिन ईद का त्योहार मनाया जाता है। ईद-उल-फितर दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन इसे मनाने का तरीका हर जगह अलग-अलग है। इस दौरान दुनियाभर में ईद के जश्न की कुछ ए सी



झलक दिखाई देती हैं। इसके साथ ही ईद का त्योहार आपसी सौहार्द और और एकता का त्योहार है। जिसे सभी मुस्लिम प्यार से और मिल-जुलकर मनाते है। इस दिन पर परिवार के साथ पारम्परिक व्यंजन जैसे खजूर और मीठी सेवयां और तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठाया जाता है। साथ ही घर के छोटे सदस्यों को उपहार या कुछ पैसे दिए जाते हैं, जिसे ईदी कहा जाता है। वहीं ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज अदा करना, गरीबों को जकात और फितरा देना भी जरूरी माना जाता है।

### ईद-उल-फितर क्यों मनाई जाती है...

ईद उल फितर का त्योहार पैगंबर मोहम्मद के समय से जुड़ा हुआ है। जब पैगंबर मोहम्मद ने मक्का से मदीना की यात्रा की, तो उन्होंने अपने अनुयायियों को रमजान के महीने में रोजा रखने को कहा था। रमजान के महीने के दौरान, मुसलमानों ने अपने दिनभर के कामों को छोड़कर रोजा रखा और रात में तरावीह की नमाज अदा की।

### पहली बार कब मनाई थी मीठी ईद...

इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक, पाक किताब कुरान पहली बार रमजान के महीने के दौरान पैगंबर मुहम्मद साहब के के ऊपर नाजिल हुई थी। उन्होंने मक्का छोड़ने के बाद मदीना में ईद-उल-फितर मनाने की शुरुआत की थी। सबसे पहले ईद-उल-फितर का जश्न 624 ई. में मनाया गया था, जो इस्लामी इतिहास में पहले रमजान के अंत का प्रतीक थी। रमजान के महीने के अंत में, पैगंबर मोहम्मद ने अपने अनुयायियों को ईद उल फितर के अवसर पर एकत्र होने का आदेश दिया। इस दिन, मुसलमानों ने अपने रोजे की समाप्ति का जश्न मनाया और एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

### ईद-उल-फितर का महत्व...

ईद उल फितर एक महत्वपूर्ण त्योहार है। ईद उल फितर के दिन, मुसलमानों को अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशियों का जश्न मनाना चाहिए। यह पर्व मुसलमानों को एकता और सौहार्द के महत्व को सिखाता है, और यह उन्हें अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है।



### ईद-उल-फितर की तैयारी...

ईद उल फितर की तैयारी ईद-उल-फितर से लोग पहले अपने घरों को सजाते है। नए कपड़े बनाते है, और अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर ईद उल फितर तैयारी करते है। ईद की रात सभी अपने घर में रातभर जागकर अपने घर में ईद के लिए अनेक मिठाईयां तैयारियां करते है। इद-उल-फितर से पहले परिवार के साथ पारम्परिक व्यंजन जैसे खजूर और मीठी सेवई और तरह-तरह के पकवानों की तैयारी की जाती है।

### अल्लाह का शुक्र अदा करना...

यह त्योहार रमजान के दौरान अल्लाह की इबादत और रोजे के लिए शुक्र अदा करने का अवसर है।

### सामुदायिक एकता...

ईद-उल-फितर सामुदायिक एकता, जकात और विनम्र व्यवहार को बढ़ावा देता है और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का भी पैगाम देता है।

### जकात-उल-फितर...

इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को जकात और फितरा देना एक महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है।

### खुशी और जश्न...

ईद-उल-फितर खुशी, जश्न और मिलन-जुलन का त्योहार है, जिसमें लोग एक-दूसरे को बधाई देते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं।

### ईद-उल-फितर कैसे मनाई जाती है

**नमाज़ः**
ईद-उल-फितर की नमाज़ सुबह जल्दी उठकर अदा की जाती है।

**जकातः**
ईद की नमाज़ अदा करने से पहले गरीबों और जरूरतमंदों को जकात-उल-फितर दिया जाता है।

**नए कपड़ेः**
लोग नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं।

**मिलन-जुलनः**
परिवार और दोस्त एक-दूसरे के घरों में जाते हैं और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं।

**उपहारः**
लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं।

### रिश्तेदारों की कब्रों पर जाना...

कुछ लोग ईद के दिन रिश्तेदारों की कब्रों पर जाते हैं और उनके लिए मगफिरत की दुआ करते है।

### ईद पर क्या-क्या होता है...

ईद की शुरुआत खास ईद की नमाज से होती है, जो सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में पढ़ी जाती है। इसके बाद लोग अल्लाह से दुआ करते हैं।

### मिठाइयों का आदान-प्रदान...

ईद-उल-फितर के दिन लोग एक दूसरे के घर जाकर सैवयां और मिठाईयों खाते है और एक-दूसरे के घर देते है। इसके अलावा आपस में गले लगकर ईद-उल-फितर की बधाई देते है।

# शादी के बाद करियर: उड़ान या उलझन

**भारत में सिर्फ 20 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है, शादी के बाद लगभग 47 प्रतिशत भारतीय महिलाएं अपना करियर छोड़ देती है, शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाती है, 85 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का मानना कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएं झेलनी पड़ती है**





प्रियंका सौरभ

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से दोनों भूमिकाएं निभा सकें।

सोचिए, एक लड़की ने अपने करियर के लिए दिन-रात मेहनत की, डिग्रियां लीं, अनुभव जुटाया और फिर शादी हुई! और शादी के बाद? अक्सर वही होता है, जो पीढ़ियों से होता आया है। करियर या तो ठहर जाता है या धीरे-धीरे गुमनाम हो जाता है। हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का 'मील का पत्थर' माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह मील का पत्थर करियर की सड़क को आगे बढ़ाने का काम करता है या उस पर एक बड़ा ब्रेक लगा देता है।

### करियर या शादी: क्या वाकई कोई चुनाव होना चाहिए

हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का 'टर्निंग पॉइंट' माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह टर्निंग पॉइंट आगे बढ़ाने के लिए होता है या पीछे धकेलने के लिए? कई बार परिवार, समाज और खुद महिलाओं की भी यह सोच बन जाती है कि शादी के बाद करियर प्राथमिकता नहीं रह जाता। कई बार महिलाओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया जाता है कि करियर और शादी साथ नहीं चल सकते। परिवार, समाज और कभी-कभी खुद महिलाएं भी मान लेती हैं कि शादी के बाद करियर कम प्राथमिकता वाला हो जाता है। क्या यह सही है? या यह सिर्फ एक सामा. जिक धारणा है जिसे बदलने की जरूरत है।

### अब तुम्हें घर संभालना है

कितनी बार हमने सुना है कि शादी के बाद महिलाएं करियर छोड़कर 'घर संभालने' में लग जाती हैं। अगर शादी से पहले वे एक शानदार कॉर्पोरेट जॉब में थीं, तो शादी के बाद यह सवाल उठता है। 'अब ऑफिस और घर दोनों कैसे मैनेज करोगी' और इसका हल अक्सर यही निकलता है कि करियर छोड़ दो! शादी के बाद परिवार और समाज अक्सर महिलाओं से यह अपेक्षा करता है कि वे करियर की बजाय घरेलू जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें। यह सोच क्यों है। क्या पुरुषों से भी यही अपेक्षा की जाती है। महिलाओं के सपने और करियर किसी 'सेल' में रखे सामान की तरह डिस्काउंट पर चले जाते हैं कि तुम्हारा पैशन बाद में, पहले परिवार, पति की जॉब ज्यादा जरूरी है, तुम्हारी तो बस टाइमपास थी।

### मॉमी ट्रैक: करियर का ब्रेक या परमानेंट स्टॉप

मातृत्व आते ही महिलाओं के करियर को 'मॉमी ट्रैक' पर डाल दिया जाता है। यानी, प्रोमोशन की रेस से बाहर, साइड रोल में डाल दिया जाता है। वर्कप्लेस पर भी उन्हें कम महत्व दिया जाता है, क्योंकि माना जाता है कि अब वे 'फुल टाइम करियर' के लिए उतनी प्रतिबद्ध नहीं रहेंगी। मातृत्व के बाद कई महिलाओं को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, जबकि पुरुषों के करियर पर इसका असर नहीं पड़ता। क्या यह लैंगिक असमानता का एक रूप नहीं है? क्या कंपनियां अधिक लचीली नीतियां अपनाकर महिलाओं को सपोर्ट कर सकती हैं?

### क्या शादी के बाद पुरुषों से पूछा जाता है कि 'अब करियर का क्या करोगे?'

नहीं ना यही सवाल अगर महिलाओं से पूछा जाता है, तो यह खुद ही बता देता है कि समस्या कहां है। शादी और करियर को एक साथ संतुलित करने वाली महिलाओं के उदाहरण भी मौजूद हैं। क्या यह संभव नहीं कि शादी करियर के लिए नया सहयोग और समर्थन लेकर आए। कई कपल्स मिलकर एक-दूसरे के करियर को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। क्या यह एक नए नजरिए की जरूरत नहीं है।

### ग्रामीण महिलाओं का करियर: चुनौतियां और अवसर

ग्रामीण भारत में शादी के बाद महिलाओं के करियर की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। पारंपरिक सोच, शिक्षा की कमी और अवसरों की अनुपलब्धता के कारण कई महिलाएं शादी के बाद आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं रह पातीं। हालांकि, सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी), ग्रामीण उद्यमिता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से अब बदलाव आ रहा है। उदाहरण के लिए: सखी मंडल और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं छोटे व्यवसाय चला रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए। डिजिटल इंडिया पहल के कारण अब महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस कर रही हैं। डेयरी, सिलाई, कढ़ाई, बागवानी और कृषि आधारित व्यवसायों में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

### महिलाओं के करियर पर शादी का प्रभाव

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सिर्फ 20 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है। शादी के बाद लगभग 47 प्रतिशत भारतीय महिलाएं अपना करियर छोड़ देती हैं। शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाती है। 85 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का मानना है कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएं झेलनी पड़ती हैं। भारत में 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं की कार्यबल भागीदारी सिर्फ 18 प्रतिशत रह जाती है, जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 78 प्रतिशत है।

### प्रेरणादायक केस स्टडीज

इंद्रा नूयी शादीशुदा होने के बावजूद अपने करियर को बनाए रखने में सफल रहीं। उन्होंने अपनी किताब 'My Life in Full' में बताया है कि कैसे उन्होंने अपने परिवार और करियर को संतुलित किया, और कैसे कंपनियों को महिलाओं के लिए सहायक कार्यस्थल बनाने की ज़रूरत है। किरन मजूमदार शॉ (Biocon की संस्थापक) ने शादी और समाज की अपेक्षाओं के बावजूद उन्होंने अपनी बायोटेक कंपनी खड़ी की। उनके अनुसार, परिवार से समर्थन मिलने पर शादी के बाद भी महिलाएं सफलतापूर्वक अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने मातृत्व के बाद भी खेल में वापसी की और कई खिताब जीते। उन्होंने इस मिथक को तोड़ा कि मां बनने के बाद करियर को छोड़ना ही एकमात्र विकल्प है।




### तो क्या हल है?

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से दोनों भूमिकाएं निभा सकें।

# चंद्रमा की उम्र लगभग पृथ्वी के बराबर है!

**2019 में वैज्ञानिकों को चंद्रमा की चट्टानों में टंगस्टन के हल्के आइसोटोप मिले, उस अध्ययन के मुखिया मैक्सवेल थीमेन्स ने अनुमान लगाया कि ये आइसोटोप तत्व हाफ्नियम के अब विलुप्त हो चुके आइसोटोप से बने होंगे, और हाफ्नियम का यह आइसोटोप और मंडल के शुरू के 6 करोड़ वर्षों में ही उपस्थित था, इस खोज ने बारबोनी के निष्कर्षों को मजबूती दी**

हाल में प्रस्तुत एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि पृथ्वी के अस्तित्व में आने के थोड़े समय बाद से ही चंद्रमा उसका साथी रहा है। यह नया शोध बताता है कि चंद्रमा का जन्म सौर मंडल बनने के महज 6.5 करोड़ साल बाद ही हो गया था। यानी चंद्रमा की उम्र करीब 4.5 अरब साल है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है।

ल्यूनर एंड प्लैनेटरी साइंस कॉफ्रेंस (LPSC) में प्रस्तुत इस शोध में बताया गया है कि चंद्रमा का निर्माण पृथ्वी के बनने के तुरंत बाद हुआ था, जब मंगल ग्रह के साइज़ जितना एक प्रोटो-प्लैनेट 'थीया' पृथ्वी से टकराया था। गौरतलब है कि सौर मंडल का निर्माण लगभग 4.56 अरब वर्ष पहले शुरू हुआ, और इसके 2-3 करोड़ साल बाद पृथ्वी आकार लेने लगी। उस समय अंतरिक्ष में भारी हलचल थी और बड़े-बड़े खगोलीय पिंडों की टक्कर एक आम बात थी। इन्हीं में से एक टक्कर युवा पृथ्वी से थीया नामक पिंड के टकराने की थी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि पृथ्वी से भारी मात्र में पिघली हुई चट्टान और मलबा अंतरिक्ष में उछला, जो बाद में संघनित होकर चंद्रमा बना। यह घटना पृथ्वी के विकास में भी महत्वपूर्ण रही। इस टक्कर से पृथ्वी की सतह पिघलकर खौलते मैग्मा के महासागर में बदल गई और इसने पृथ्वी के घूर्णन और झुकाव को स्थिर करने में मदद की। इसलिए चंद्रमा के निर्माण का सटीक समय जानकर वैज्ञानिक यह समझ सकते हैं कि पृथ्वी अपने वर्तमान रूप में कब आई।

### चंद्रमा की उम्र कैसे तय की?

कई वर्षों से वैज्ञानिक अपोलो मिशनों द्वारा लाई गई चंद्रमा की चट्टानों का अध्ययन करते आ रहे हैं। पूर्व में, जब वैज्ञानिकों ने चट्टानों का अध्ययन किया था तो पता चला था कि चंद्रमा की सतह से प्राप्त चट्टानें लगभग 4.35 अरब साल पुरानी थीं और ये चट्टानें चांद के अपने मैग्मा से बनी थीं। तो माना गया कि चांद की उम्र लगभग उतनी ही है। लेकिन इतना युवा चंद्रमा बाकी प्रमाणों से मेल नहीं खाता।

इस पहेली को सुलझाने में बड़ी सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने चंद्रमा से मिले ज़िरकॉन क्रिस्टलों का अध्ययन किया। इन क्रिस्टल के रेडियोधर्मी तत्वों के विघटन से उनकी सही उम्र का पता लगाया जा सकता है। 2017 में, भू-रसायन वैज्ञानिक मेलानी बारबोनी ने आठ ज़िरकॉन रवों का विश्लेषण करके यह देखा कि इनमें मौजूद युरेनियम के विघटन से कितना लेड बन चुका है। इस मापन के आधार पर बारबोनी ने निष्कर्ष निकाला कि चंद्रमा 4.51 अरब साल पुराना है।

2019 में, वैज्ञानिकों को चंद्रमा की चट्टानों में टंगस्टन के हल्के आइसोटोप मिले। उस अध्ययन के मुखिया मैक्सवेल थीमेन्स ने अनुमान लगाया कि ये आइसोटोप तत्व हाफ्नियम के अब विलुप्त हो चुके आइसोटोप से बने होंगे। और हाफ्नियम का यह आइसोटोप सौर मंडल के शुरू के 6 करोड़ वर्षों में ही उपस्थित था। इस खोज ने बारबोनी के निष्कर्षों को मज़बूती दी। यानी चंद्रमा उन वर्षों में बना होगा। अब, वैज्ञानिकों ने रुबिडियम के स्ट्रॉन्शियम में विघटन को मापने की एक नई विधि से इस निष्कर्ष की पुष्टि की है। मैक्स प्लैंक इंस्टीटयूट के थॉर्स्टन क्लाइन और उनकी टीम ने गणना की कि चंद्रमा लगभग 4.5 अरब साल पहले बना था। ये नतीजे पिछले शोधों को पुख्ता करते हैं और चंद्रमा के जन्म की एक सुसंगत समयरेखा देते हैं। चंद्रमा बनने के बाद भी यह कोई शांत खगोलीय पिंड नहीं था। आरंभ में इसकी पूरी सतह पिघले हुए लावा के महा. सागर से ढंकी थी, जो धीरे-धीरे ठंडी होकर ठोस बन गई। लेकिन शोध बताते हैं कि पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव ने इसकी सतह को दोबारा गर्म कर दिया, ठीक वैसे ही जैसे बृहस्पति के असर से उसके चंद्रमा 'आयो' पर भीषण ज्वालामुखीय गतिविधि देखी जाती है। एक अन्य सिद्धांत के अनुसार, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किसी विशाल उल्कापिंड की टक्कर ने इसकी सतह को नया रूप दिया होगा। इनमें से किसी एक वजह से चंद्रमा की उम्र का सही अनुमान लगाना जटिल हो गया। अपोलो द्वारा लाए गए नमूनों को इस नए दृष्टिकोण से देखने की ज़रूरत है। हो सकता है कि वे पिघलकर वापिस ठोस बन गए चंद्रमा के होंगे, मूल रूप में निर्मित चंद्रमा के नहीं। चीन का चांग ई-6 मिशन, जो चंद्रमा की दूरस्थ सतह से लगभग 2 किला. ग्राम चट्टानें लेकर लौटा है, इस रहस्य पर और प्रकाश डाल सकता है।



**स्रोत फीसर्च**



# थकान और कमजोरी का कारण आपकी डाइट तो नहीं? पहचानें ये संकेत

क्या आपको पूरी रात की नींद के बाद भी थकान महसूस होती है या फिर दिनभर एनर्जेटिक बने रहने के लिए बार-बार कॉफी पीने का मन करता है? अगर यह सच है तो इसका कारण आपकी डाइट हो सकती है। जो भी हम खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी एनर्जी पर पड़ता है। अगर आपके खाने में ज़रूरी पोषक तत्व कम हैं या आप ज्यादा तला-भुना और अस्वस्थ खाना खाते हैं, तो आप खुद ही अपनी एनर्जी को कम कर रहे हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि कुछ लोग अपनी डाइट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं और कुछ भी उल्टा-सीधा खा लेते हैं। लेकिन अगर आपकी डाइट सही नहीं है, तो आपको दिनभर थकान, अचानक भूख लगना, फोकस करने में परेशानी, यहां तक कि सोने में दिक्कत भी हो सकती है। कई बार हमें पता नहीं चलता, लेकिन असली समस्या हमारी खाने की प्लेट में भी हो सकती है। हालांकि, शरीर खुद इस बात का संकेत देता है।

### बार-बार एनर्जी क्रैश होना

अगर आप भोजन के बाद एनर्जेटिक महसूस करते हैं, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद ही थक जाते हैं, तो यह बहुत अधिक रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और शुगर का सेवन करने के कारण हो सकता है।



### बार-बार मीठा या जंक फूड खाने की क्रेविंग होना

क्या आपको अक्सर मीठा और प्रोसेस्ड फूड खाने की इच्छा होती है? इसका मतलब है कि आपके आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी है। जब आपके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, स्वस्थ वसा या फाइबर नहीं मिल रहा होता है, तो वह शुगर जैसे क्विक एनर्जी सोर्स की इच्छा करता है।

### खाने में पेट में भारीपन महसूस होना

अगर आपका पाचन तंत्र धीमा है, तो यह आपकी एनर्जी को कम कर सकता है। अगर भोजन के बाद आपको पेट भारी या फूला हुआ लगता है, तो इसकी वजह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, अनहेल्दी फैट जैसे तला-भुना खाना या फाइबर की कमी हो सकती है। इसलिए, अपनी डाइट को बैलेंस करें। दही, अचार और अन्य फर्मेंटेड फूड जैसे प्रोबायोटिक्स खाएं, ज्यादा फाइबर वाले फल और सब्जियां शामिल करें।

ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

ईद उल फितर की तमाम रोजेदारों, हमदर्दों व समर्थकों को दिली मुबारकबाद
डॉक्टर शकील हाशमी
पूर्व प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी, चांदपुर विधानसभा क्षेत्र


## बिजनौर में सौरभ व राजा गिरफ्तार



**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने तार चोरी के मामले में किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पाडला निवासी सौरभ कुमार पुत्र मलखान सिंह एवं बिजनौर के मौहल्ला खत्रियान निवासी राजा पुत्र नरेश कुमार को चोरी के 300 किलो एल्युमिनियम के तार सहित गिरफ्तार किया है।

स्थानीय इन्द्रलोक कॉलोनी निवासी अमरीक सिंह पुत्र कांति प्रसाद ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसने अपने दो मित्रों के सहयोग से सौरभ व राजा सहित अमित पुत्र पतराम सिंह निवासी ग्राम कश्मीरी, थाना नहटौर को उसके घर के पास खाली प्लाट से तार चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। लेकिन अमित कुमार मौके का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस फरार अमित की तलाश कर रही है। बताते हैं कि तार चोरों का गिरोह सक्रिय है।





ईद उल फितर की सभी नागरिकों व सपा कार्यकर्ताओं को
हार्दिक बधाई

राम अवतार सैनी
सपा विधायक, नूरपुर

ईद उल फितर की अवाम व तमाम हमदर्दों को
दिली मुबारकबाद

अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भारतीय जनता पार्टी
नगर पंचायत मण्डावर, जनपद बिजनौर